# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

संवत 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष तीन मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 32 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 संघ के 100 साल : बूंद-बूंद सागर बना

ईशा गुप्ता ने पूरी की धमाल 4 की शूटिंग,कहा- 6


# रांची में पुलिस-अपराधियों में मुठभेड़ 2 को लगी गोली,4 गिरफ्तार

## खलारी-रातू रोड सीमा पर गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई, भारी मात्रा मे हथियार बरामद

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के खलारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पुलिस और कुख्यात अपराधी राहुल दुबे गैंग के बीच मुठभेड़ हुई है। दोनों ओर से चली गोलीबारी में गैंग के दो अपराधी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से कुल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस का जखीरा बरामद किया है।

रांची एसएसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गिरोह के सदस्य खलारी इलाके में किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम



जैसे ही ठाकुरगांव, खलारी और रातू थाना क्षेत्र की सीमा पर पहुंची, अपराधियों ने पुलिस को देखते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो अपराधी गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं दो अन्य अपराधियों को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने घटनास्थल से आठ पिस्टल, दर्जनों कारतूस और अन्य हथियार बरामद किए हैं। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। घायल अपराधियों की पहचान साजन अंसारी और अमित गुप्ता के रूप में हुई है, जो लंबे समय से राहुल दुबे गैंग के लिए काम कर रहे थे।

गिरफ्तार दोनों अन्य अपराधियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, कुछ महीने पहले गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद राहुल दुबे ने गिरोह की कमान संभाली थी। हाल के दिनों में कोयलांचल क्षेत्र में रंगदारी की वसूली रुक जाने के बाद गिरोह ने फिर से दहशत फैलाने की योजना बनाई थी। इसी क्रम में गिरोह के करीब एक दर्जन सदस्य हथियारों के साथ खलारी इलाके की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस को समय रहते उनकी गतिविधियों की जानकारी मिल गई। चार थानों की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने गिरोह को घेर लिया। मुठभेड़ के बाद पुलिस आसपास के क्षेत्र में सघन सर्च ऑपरेशन चला रही है।

# राहुल के खिलाफ निचली अदालत की कार्रवाई निरस्त

## केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर टिप्पणी करने मामले में राहत

संवाददाता



**रांची:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके विरुद्ध दर्ज मामले में संज्ञान लेने के आदेश को रद्द कर दिया है । राहुल गांधी के अधिवक्ता दीपांकर राय ने ईटीवी भारत को बताया कि दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने संज्ञान लेने के आदेश और आरोप गठन को क्वेश करके रिमांड बैक कर दिया है । याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता गौतम राकेश ने पक्ष रखा । पूर्व में सशरीर हाजिर हुए थे राहुल गांधीः दरअसल, पूर्व में शिकायत को वरिष्ठ मजिस्ट्रेट ने खारिज कर दिया था । जिसके खिलाफ शिकायतकर्ता ने सत्र न्यायालय के समक्ष आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की थी । इसके बाद वरिष्ठ मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेकर समन जारी कर दिया था । इसके साथ ही पुनरीक्षण को अनुमति दे दी थी । मामला भाजपा नेता अमित शाह के खिलाफ अमार्यादित टिप्पणी से जुड़ा है । इसी के खिलाफ चाईबासा के भाजपा नेता प्रताप कुमार कटियार ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था । इसी मामले में राहुल गांधी को 6 अगस्त को चाईबासा की विशेष अदालत में सशरीर हाजिर होना पड़ा था । तब दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को सशर्त जमानत दे दी थी ।

पूर्व में राहुल गांधी ने 2 जून को विशेष अदालत के उस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें उन्हें 26 जून को पेश होने का निर्देश दिया गया था । राहुल गांधी के वकील ने हाईकोर्ट को सूचित किया था कि उनके मुवक्किल उस दिन पेश नहीं हो पाएंगे । इसके बजाय उन्होंने हाईकोर्ट से राहुल को चाईबासा कोर्ट में पेश होने के लिए 6 अगस्त के बाद की तारीख देने का अनुरोध किया था. हाईकोर्ट ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया था।

## छवि रंजन को शर्तों के साथ सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत



**रांची :** रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली और कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी। इसके साथ ही छवि रंजन की जेल से रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था और तब से वे न्यायिक हिरासत में थे।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाईः छवि रंजन की जमानत याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की बेंच ने सुनवाई की। इससे पहले पीएमएलए कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने 6 अगस्त को उनकी याचिका खारिज करते हुए जमानत देने से इनकार किया था। इसके बाद छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

**क्या है मामला? :** छवि रंजन पर रांची के बड़गाईं अंचल में सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम का आरोप है। इस मामले में एऊ ने छवि रंजन के साथ-साथ कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को भी आरोपी बनाया है।

# पप्पू यादव के नोटों से बढ़ा चुनावी तापमान बाढ़ पीड़ितों में बांटा पैसा, दर्ज हुई एफआईआर



**पटनाः** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने आधिकारिक घोषणा कर दी है। पहले चरण में 6 अक्टूबर को मतदान होना है। इसी चरण में वैशाली जिले की आठ विधानसभा सीटों पर भी 6 अक्टूबर को वोटिंग होगी। चुनावी प्रक्रिया की शुरूआत के तहत शुक्रवार से नामांकन दाखिल होना शुरू हो जाएगा। इसी बीच चुनावी माहौल के बीच पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव शुक्रवार को बाढ़ पीड़ितों से मिलने वैशाली जिले के सहदेई प्रखंड के गनियारी गांव पहुंचे। यहां उन्होंने गंगा नदी के तेज कटाव से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की। वहीं, वैशाली में अचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर पप्पू यादव पर एफआईआर दर्ज हो गई है। मौके पर पप्पू यादव ने स्थानीय पदाधिकारियों को फोन भी लगाया और कटाव पीड़ितों की समस्याओं के समाधान का आग्रह किया। ग्रामीणों ने सांसद के सामने अपनी परेशानियां रखीं, जिस पर पप्पू यादव ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसी दौरान पप्पू यादव लोगों को आर्थिक सहायता के तौर पर 2000 से 3000 रुपये तक नकद राशि देते नजर आए, जिसकी तस्वीरें और वीडियो कैमरे में साफ तौर पर कैद हुई हैं। लिस्ट से नाम पढ़कर एक-एक कर लोगों को रुपये दिए जा रहे थे। इस मौके पर सांसद पप्पू यादव ने क्षेत्रीय सांसद चिराग पासवान और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां बड़े-बड़े नेता हैं जो टिकट के चक्कर में व्यस्त हैं, लेकिन कटाव पीड़ित परिवारों से मिलने का किसी को समय नहीं है।

# पीएम मोदी से बात करने के लिए नेतन्याहू ने बीच में ही रोक दी सुरक्षा कैबिनेट की बैठक, क्या थी इतनी जरूरी बात

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी सुरक्षा कैबिनेट की बैठक बीच में ही रोक दी। नेतन्याहू उस समय गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई से जुड़े समझौते पर चर्चा कर रहे थे। बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। उन्होंने नेतन्याहू को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना के तहत हुई प्रगति और बंधकों की रिहाई के लिए बधाई दी। मोदी ने इस दौरान यह भी कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में अस्वीकार्य है।



द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू ने मोदी से फोन पर बात करने के लिए कैबिनेट बैठक को रोक दिया। बैठक में ट्रंप की 20-सूत्रीय गाजा शांति योजना पर चर्चा चल रही थी, जिसमें युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के मुद्दे शामिल थे। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी बंधकों की रिहाई के लिए हुए समझौते पर प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बधाई दी।

मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा, मैंने अपने मित्र, प्रधानमंत्री नेतन्याहू को राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना के तहत हुई प्रगति पर बधाई देने के लिए फोन किया। हमने बंधकों की रिहाई और गाजा के लोगों के लिए बढ़ी हुई मानवीय सहायता पर हुए समझौते का स्वागत किया। मैंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया में कहीं भी, किसी भी रूप में आतंकवाद अस्वीकार्य है।

## प. बंगाल के मंत्री सुजीत बोस के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

### नगर पालिका के पूर्व अधिकारियों के घरों पर भी रेड



**कोलकाता :** कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता और राज्य मंत्री सुजीत बोस के कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई नगर निकायों में भर्ती से जुड़ी कथित गड़बड़ियों की जांच के तहत की गई है। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमों ने बोस के साल्ट लेक स्थित आवास और कार्यालय के अलावा दमदम नगर पालिका से जुड़े कुछ पूर्व अधिकारियों के घरों पर भी तलाशी ली।

जानकारी है कि जांच एजेंसी बोस और दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई दत्ता की भूमिका की पड़ताल कर रही है। बोस वर्ष 2010 से 2021 तक इस नगर पालिका के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इससे पहले भी ईडी ने इसी मामले में जनवरी 2024 में उनके आवास पर छापा मारा था और उनसे लंबी पूछताछ की थी।

अधिकारियों का कहना है कि ताजा छापेमारी का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य जुटाना है। बताया गया कि मंत्री का कार्यालय पहले एजेंसी की तलाशी सूची में शामिल नहीं था, लेकिन जांच के दौरान नई जानकारी मिलने पर वहां भी कार्रवाई की गई।

### एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

# वोटर लिस्ट से हटाए लोगों को मुफ्त मिले कानूनी मदद

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची से नाम हटाए गए सभी व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता और पैरालीगल वॉलंटियर्स उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपनी नाम हटाए जाने की अपील दाखिल कर सकें। चुनाव आयोग के जून 24 के निर्देश पर बिहार में किए गए स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रभावित 3.7 लाख लोगों को कानूनी परामर्श और सहायक वॉलंटियर्स की मदद मिलनी चाहिए। याचिकाकताओं का कहना था कि इस संशोधन प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से लोगों के नाम मनमाने ढंग से हटाए जा रहे थे और पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं थे। इससे लाखों नागरिकों का मतदान अधिकार खतरे में पड़ सकता है और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को प्रभावित किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया कानूनी रूप से समर्थित है और इसका उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनावों से पहले सूची में केवल पात्र नागरिक ही शामिल हों।



# अफगानिस्तान में पाकिस्तान का एयरस्ट्राइक, मुत्ताकी के भारत दौरे से बौखलाया मुनीर

## टीटीपी चीफ की मौत पर सस्पेंस, तालिबान-पाक संबंध और बिगड़े

संवाददाता

**नई दिल्लीः** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल शुक्रवार सुबह तेज धमाकों से दहल उठी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह विस्फोट पाकिस्तान एयर फोर्स (पीएफ) की कथित एयरस्ट्राइक के कारण हुए हैं। पाकिस्तानी चैनलों ने दावा किया कि इन हमलों का निशाना तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकाने थे। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है जब तालिबान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्तकी भारत दौरे पर हैं। मुत्तकी का यह दौरा अफगानिस्तान की नई सरकार और भारत के बीच संवाद की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि अफगानिस्तान की जमीन अगर पाकिस्तान विरोधी आतंकी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होती है, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उसी के कुछ दिन बाद यह कथित एयरस्ट्राइक सामने आई है। कतर में तालिबान के राजदूत मुहम्मद सुहैल शाहीन ने बयान जारी कर कहा, काबुल में दो धमाकों की आवाज सुनी गई, लेकिन अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया कि हमले में टीटीपी प्रमुख नूर वली महमूद मारा गया। अफगान मीडिया के मुताबिक, अटैक के बाद टीटीपी प्रमुख नूर वली महसूद का एक ऑडियो सामने आया जिसमें उसने खुद के जिंदा होने की बात कही और पाकिस्तान पर फर्जी प्रचार करने का आरोप लगाया।

इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गुरुवार को धमकी भरे लहजे में अफगानिस्तान के अंतरिम प्रशासन को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अफगानिस्तान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अपने देश के अंदर सुरक्षित पनाहगाह दे रहा है। उन्होंने कहा था कि इनफ इज इनफ यानी अब बहुत हो गया। पाकिस्तानी सेना लगातार टीटीपी के खिलाफ ऑपरेशन चला रही है। गुरुवार को कम से कम सात टीटीपी आतंकी मारे गए।

## समाचार सार

### झारखंड के पावरलिफ्टर इंद्रजीत सिंह ने एशियन बेंच प्रेस चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



**रांची:** झारखंड के दिग्गज पावरलिफ्टर सरदार इंद्रजीत सिंह ने एक बार फिर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने हांगकांग में चल रही एशियन बेंच प्रेस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड के पदक तालिका में एक और कीर्तिमान जोड़ा है। यह उपलब्धि उन्होंने 70 वर्ष मास्टर्स आयु वर्ग में हासिल की है। इंद्रजीत सिंह ने प्रतियोगिता के दौरान क्वीन एलिजाबेथ स्टेडियम, हांगकांग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 105 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान प्राप्त किया। झारखंड के वरिष्ठतम पावरलिफ्टरों में शुमार इंद्रजीत सिंह लंबे समय से खेल जगत में सक्रिय हैं और अब तक झारखंड के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके है। उनकी इस सफलता से न केवल खेल जगत, बल्कि पूरे राज्य में हर्ष का माहौल है। खेल प्रेमियों ने उनके समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रदर्शन को झारखंड की नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

इंद्रजीत सिंह का अगला मुकाबला शनिवार को आयोजित होगा, जिसमें उनके प्रदर्शन को लेकर सभी की निगाहें टिकी हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनका जोश और फिटनेस यह साबित करता है कि खेल के प्रति जुनून और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और प्रशिक्षकों ने बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि आगामी इवेंट में भी वे देश के लिए पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाएंगे।


### जिला स्तरीय क्रिकेट लीग कल से

**चतरा:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय क्रिकेट लीग मैच का आयोजन किया जा रहा है। यह लीग 11 अक्टूबर से शुरू होगा। लीग के सभी मैच बाबा घाट मैदान में खेले जाएंगे। चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सचिव मनोज सहाय, सह सचिव आशुतोष भारती व कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा लीग टूनामेंट को सफल बनाने में लगे हुए हैं।एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि 11 अक्टूबर को चतरा जिला लीग अंडर 14 और 16 का पहला ओपनिंग मैच बाबा घाट मैदान में सुबह 8:30 बजे से बीसीए ए बनाम आरसीए बचरा के बीच खेला जाएगा। वहीं 12 अक्टूबर रविवार को बीसीए बी बनाम बीभीएस पिपरवार के बीच मैच खेला जाएगा।

### परीक्षा देने जा रहे तीन छात्र सड़क दुर्घटना में घायल, चालक फरार

**चतरा:** हंटरगंज से परीक्षा देने चतरा आ रहे तीन परीक्षार्थी सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जाता है कि तीनों छात्र एक बाइक से हंटरगंज से परीक्षा देने के लिए चतरा आ रहे थे। इसी दौरान संघरी घाटी में एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने इनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि तीनों छात्र चतरा महिला महाविद्यालय में सेमेस्टर-5 की परीक्षा देने जा रहे थे।घायल छात्रों की पहचान नेहा कुमारी (20 वर्ष), सुमित कुमार (17 वर्ष) और आलोक कुमार (22 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सक ने बताया कि तीनों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है।

### बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार बॉर्डर से सटे गांव में अवैध देशी शराब भट्ठियों को किया गया नष्ट



**चतरा:** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले के हंटरगंज थाना पुलिस ने बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध देशी शराब के विरूद्ध अभियान चलाया। पुलिस ने अभियान चलाकर बिहार बॉर्डर से सटे गांव जबडा एवं कोसमाही के जंगल में संचालित अवैध देशी शराब की 06 भट्ठियों एवं करीब 1000 किलो जावा महुआ तथा अवैध देशी शराब बनाने वाली उपकरण को विनिष्ट कर दिया। पुलिस को देखते ही सभी दारू भट्टी संचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अवैध देशी शराब भट्टी संचालकों को चिन्हित कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### निषिद्ध मादक पदार्थ व अफीम की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान



**चतरा:** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रत्येक दिन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को अवैध अफीम की खेती करने के स्थान पर दुसरे वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलें लगाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को हंटरगंज थाना, गिद्धौर थाना, पत्थलगड़ा थाना

एवं लावालौंग थाना के द्वारा थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थो के दुष्प्रभाव से आम जनता को अवगत कराते हुए अवैध अफीम की खेती नही करने हेतु शपथ दिलाया गया।बताया गया कि मादक पदार्थो के दुष्प्रभाव से गर्भवती महिलाओं पर अफीम कुप्रभाव से नवजात शिशुओं में विकास अवरूध होने की सम्भावना अधिक बढ़ जाती है। इस जनहित अभियान में बड़ी संख्या में आम नागरिको ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# हेमंत सोरेन से मिले शहीद आरक्षी सुनील राम व संतन मेहता के परिजन, मुख्यमंत्री ने दिया एक करोड़ का चेक

संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पलामू जिला बल के शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम एवं संतन कुमार मेहता के परिजनों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम एवं संतन कुमार मेहता के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत 1 करोड़ 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा। शहीद हुए दोनों आरक्षी जवानों के परिजनों के बैंक अकाउंट में 1 करोड़ 10 लाख - 1 करोड़ 10 लाख की सम्मान राशि क्रेडिट किए गए। मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सोरेन ने शहीद जवान के परिजनों से सहानुभूति पूर्वक आत्मीयता के साथ बात-चीत की तथा उनकी पारिवारिक स्थिति की पूरी जानकारी ली। उन्होंने शहीद परिजनों के दर्द को बांटा। उन्होंने शहीद के परिजनों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि राज्य सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है।



मुख्यमंत्री ने दोनों शहीद आरक्षी जवान के मां, पिता, पत्नी, बच्चे, भाई सहित अन्य परिजनों से बात की तथा पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम एवं संतन कुमार मेहता ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, उनकी शहादत को नमन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शहीद परिवार की पीड़ा को गहराई से समझती है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों के बेहतर समन्वय और प्रयास से आपको आज यह सम्मान राशि दी जा रही है। इस सम्मान राशि का बेहतर उपयोग करते हुए आप अपने बच्चों को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का कार्य करें ताकि उनके बेहतर भविष्य का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।



### तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए टोबैको फ्री यूथ कैंपेनिंग 3.0 का शुभारंभ

**चतरा:** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैंपेनिंग 3.0 का शुभारंभ उपायुक्त कीर्तिश्री द्वारा गुरुवार को समाहरणालय सभा कक्ष में दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण किया कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे।अपने कार्यालय परिसर को तंबाकूमुक्त रखेंगे तथा अपने मित्रों और परिचितों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे।उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि तंबाकू से होने वाले घातक प्रभावों से समाज को बचाने के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। हर घर को तंबाकूमुक्त बनाने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को नशे की लत से दूर रखना ही इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।उन्होंने निर्देश दिया कि सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाए। धारा 6(बी) के अंतर्गत 100 मीटर की परिधि में किसी भी तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन कराया जाए। शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी तंबाकूमुक्त शिक्षण संस्थान सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।अभियान के तहत 9 अक्टूबर से 7 दिसंबर तक जिले के लगभग 400 स्कूलों और कॉलेजों को तंबाकूमुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही पुलिस विभाग के सहयोग से विशेष छापेमारी अभियान चलाकर एवं के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।जन जागरूकता के लिए अधिकारियों, डॉक्टरों, खिलाड़ी, सेलिब्रिटीज एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से टॉक शो, हस्ताक्षर अभियान, प्रभात फेरी, वॉल पेंटिंग आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा कम से कम 30 गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित करने का प्रयास किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी जन भागीदारी को बढ़ावा देने की योजना है ताकि अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंच सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार , सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, सिमरिया, प्रभारी चिकित्सक बीएन. प्रसाद, जिला परामर्शी रश्मि, संगीता, लूसी बाला इक्का, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी तथा उपायुक्त कार्यालय के अधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे।

#### नेशनल पीआर कॉनक्लेव 2025 का सफल समापन

## कोयला वारियर्स और कोल इंडिया के विरासत को समर्पित डाक विभाग का स्पेशल कवर लॉन्च

### संवाद, सहभागिता और नई सोच से सजा दूसरा दिन

संवाददाता

**रांची:** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा आयोजित नेशनल पीआर कॉनक्लेव 2025 का सफलता पूर्वक समापन हुआ। आज दूसरे दिन सीसीएल मुख्यालय स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर, रांची में संवाद, नवाचार और प्रेरणा से भरे कई सत्रों का आयोजन हुआ। जनसंपर्क का पुनर्परिभाषण : सूचना से सहभागिता तक, डिजिटल युग के संदर्भ में विषय पर आधारित इस दो दिवसीय आयोजन में जनसंपर्क जगत के दिग्गजों, मीडिया विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों ने मिलकर संवाद, अनुभव और नवाचार का एक जीवंत मंच तैयार किया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत ह्लरोल ऑफ रेडियो इंफामेंशन टू इंगेजमेंट स्पेशली इन रूलर एरिय ह्व विषय से हुई। रेडियो ऑरेंज, नागपुर की सीईओ सुश्री इनू मजूमदार ने प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि रेडियो केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि यह भावनाओं का सेतु है जो ग्रामीण भारत को एक सूत्र में जोड़ता है। उन्होंने कहा कि साउंड की शक्ति संवाद को जीवंत बनाती है और जनजागरूकता अभियानों में रेडियो आज भी सबसे प्रभावी माध्यम है।



इसके बाद ह्लन्यू एज ऑफ पीआर इन दी चेंजिंग डिजीटल वर्ल्डह्व विषय पर डॉ. समीर कपूर, डायरेक्टर, ऐड फैक्टर्स, दिल्ली ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आज पीआर 2.0 का युग है, जहाँ डिजिटल मीडिया, यूट्यूबर्स और इंफ्लुएंसर्स जनसंपर्क की दिशा तय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज हर क्लिक, हर व्यू, और हर पोस्ट कंपनी की छवि गढ़ने में अहम भूमिका निभाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में एंगेजमेंट की भूमिका काफी अधिक मायने रखता है और यह तभी संभव है जब संवाद रणनीतिक और भावनात्मक हो।

इसके उपरांत रिलीवेंस ऑफ कस्टोमाइज्ड फार कोल इंडस्ट्री इन गोल्डल जुबली ईयर विषय पर आलोक कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष, सीसी एवं पीआर, सीसीएल ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर कोल इंडिया के 50 वर्ष पूरे होने पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, सीसीएल, निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त), पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक, पोस्टल सर्विस, झारखंड, आर. वी.चौधरी, ने डाक विभाग द्वारा स्पेशल कवर एवं सॉवेनियर नवचेतना का भव्य लोकार्पण किया।

यह विशेष डाक टिकट कोल इंडिया और सीसीएल के उन कोल वारियर्स को समर्पित है, जिन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा को सशक्त आधार दिया है। यह स्टांप केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि मेहनत, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण में लगे प्रत्येक कर्मी के गौरव का प्रतिबिंब है, जो कंपनी की नई परिभाषा और प्रेरणादायक पहचान को दशार्ता है। मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह, ने अपने संबोधन में कहा कि डाक टिकट सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि भावनाओं का वाहक है – यह दिलों को जोड़ने वाला प्रतीक है।उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी पत्र और डाक की आत्मा जीवित है - यह संवाद की सबसे ईमानदार विधा है।

हर्षनाथ मिश्र, निदेशक (मानव संसाधन), सीसीएल ने अपने संबोधन में कहा कि पब्लिक रिलेशन किसी भी संस्थान की रीढ़ है, जो जनता और संगठन के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सीसीएल अपनी ऊर्जा, सुरक्षा, उरफऔर सामाजिक पहलों के माध्यम से जनता से सीधे जुड़ाव बनाकर रखती है और यह जुड़ाव ही वास्तविक जनसंपर्क है। समापन अवसर पर विभागाध्यक्ष, सीसी एवं पीआर, आलोक कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह कॉनक्लेव विचारों का संगम और जनसंपर्क के भविष्य की नई दिशा तय करने वाला मंच सिद्ध हुआ है। नेशनल पीआर कॉनक्लेव-2025 ने यह सिद्ध किया कि जनसंपर्क अब केवल सूचना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सहभागिता, सहानुभूति और सतत संवाद की सशक्त प्रक्रिया बन चुका है जो संगठनों को समाज से जोड़ता है और विश्वास की नई परिभाषा गढ़ता है।

#### सामाजिक- सांस्कृतिक संस्था प्रतिबिंब के बैनर तले

## 15 दिवसीय बाल सांस्कृतिक प्रशिक्षण का शुभारंभ







संवाददाता

**चतरा:** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के तत्वाधान में चतरा की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था प्रतिबिंब के बैनर तले 15 दिवसीय बाल सांस्कृतिक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ पुरानी कचहरी परिसर स्थित वीजे इंस्टीट्यूट में हुआ। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान संस्था से जुड़े कुछ प्रतिभावशाली कलाकारों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। गीत संगीत से भरपूर समारोह में एक से बढ़कर एक कलाकार मौजूद थे। प्रतिबिंब संस्था के सचिव प्रकाश कुमार ने बताया कि कार्यशाला पूरी तरह से निःशुल्क है। इसमें छह विधाओं में 100 बालक/बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इन विधाओं में नाटक, नृत्य, मेंहदी,कले मॉडलिंग, पेंटिंग, रंगोली शामिल है। उन्होंने बताया की प्रशिक्षण का आयोजन 8 अक्टूबर से 13 अक्टूबर और 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित होगा। श्री कुमार ने बताया कि चूंकि यह प्रशिक्षण झारखंड सरकार की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इसलिए इस प्रशिक्षण का काफी महत्व है। यहां से मिलने वाला प्रमाणपत्र सरकारी नौकरी में कारगर साबित होगा। वहीं मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने कलाकारों को शुभकामना देते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। इसलिए सभी विधाओं में बच्चे मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। मंच पर मौजूद जिला ओलम्पिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा ने शुभकामना देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण को पूरा कर जिला के साथ राज्य का नाम रौशन करें। उन्होंने प्रतिबिंब संस्था के सचिव प्रकाश कुमार के बारे में बताया कि पिछले 32 वर्षों से कला के क्षेत्र में जुड़े रहें हैं। इनके सानिध्य में उन्हें भी काम करने का अवसर मिला।साथ ही कई अन्य कलाकार जिला व राज्य में अपना परचम लहरा रहे हैं। शिक्षक दीपक कुमार ने भी बच्चो को शुभकामना देते हुए उत्साह वर्धन किया। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। धन्यवाद ज्ञापन ओलम्पिक संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी ने किया।

## जेजेएमपी के उग्रवादियों ने आम्रपाली कोयलांचल क्षेत्र में चिपकाया पोस्टर

### रामकृपाल कंस्ट्रक्शन को दी धमकी, करें मैनेज वरना भुगतने को रहें तैयार, जांच में जुटी टंडवा पुलिस



**चतरा:** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के कोल परियोजना में एक बार फिर उग्रवादियों ने दहशत फैलाने की कोशिश शुरू की है। आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में टाउनशिप बना रही रामकृपाल कंस्ट्रक्शन के साइट में जेजेएमपी (झारखंड जनमुक्ति परिषद) नामक उग्रवादी संगठन ने धमकी भरे पोस्टर चिपकाए हैं। उग्रवादियों की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। पोस्टर में लिखा है कि रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, संगठन को बिना मैनेज किए काम कर रही है। संगठन के द्वारा कॉल किए जाने पर भी आप इग्नोर कर रहे हैं। दो दिनों के भीतर संपर्क करें, अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। पोस्टर पर संगठन के जोनल कमेटी सदस्य शिवा सिंह का नाम अंकित है। सूत्रों के अनुसार, यह पोस्टर दो दिन पूर्व चिपकाया गया था। जिसकी जानकारी बाद में कंपनी के कर्मियों ने दी। सूचना मिलते ही पिकेट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पोस्टर जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह जांच की जा रही है कि पोस्टर वास्तव में उग्रवादी संगठन द्वारा चिपकाया गया है या किसी आपराधिक गिरोह ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से यह साजिश रची है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठंड के मौसम में अक्सर अपराधी और नक्सली संगठन अपनी गतिविधियां तेज कर देते हैं। लंबे समय से शांत रहे क्षेत्र में ऐसी पोस्टरबाजी ने एक बार फिर उग्रवाद के पुनः सक्रिय होने की आशंका बढ़ा दी है। वहीं कंपनी प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने की मांग की है ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### दुर्गा पूजा में लगाए गये पूजा पंडाल, गेट और तोरण द्वार पर प्रशासन सख्त

# दो दिन में हटाने का दिया निर्देश

**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची जिला प्रशासन ने दुर्गा पूजा पंडाल, गेट एवं तोरण द्वार दो दिनों में हटाने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन ने कहा कि दुर्गा पूजा 2025 का पर्व दिनांक 02 अक्टूबर एवं विसर्जन 03 अक्टूबर को संपन्न हो चुका है, बावजूद इसके कई पूजा समितियों द्वारा बनाए गए अस्थायी पूजा पंडाल, गेट एवं तोरण द्वार अब तक नहीं हटाए गए हैं।इससे शहर में यातायात बाधित हो रहा है तथा दुर्घटनाओं की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उक्त परिस्थिति को



देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पूजा समितियों को निर्देश जारी किया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से दो दिनों के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों में बनाए गए अस्थायी पूजा पंडालों, गेट एवं तोरण द्वारों को खोलकर हटा दें। ज्ञातव्य है कि कि झारखंड उच्च न्यायालय ने डब्ल्यूपी(पीआइएल) न 4838/2025 में दिनांक 23 सितंबर 2025 को अपने आदेश में यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि पूजा समाप्ति के पश्चात सभी पूजा पंडालों एवं तोरण द्वारों को हटाकर भूमि को पूर्ववत समतल बना दिया जाए।

जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सार्वजनिक हित एवं यातायात की सुगमता को ध्यान में रखते हुए सभी पूजा समितियों के अध्यक्ष/सचिव यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित अवधि में सभी अस्थायी संरचनाओं को हटा दिया जाए तथा संबंधित स्थानों को समतल एवं सुव्यवस्थित कर दिया जाए।

## सरकारी कर्मी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**हजारीबाग:** जिले के दारू प्रखंड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सरकारी कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए कर्मचारी का नाम ज्ञानी राम है, जो दारू प्रखंड कार्यालय में कार्यरत था। जानकारी के मुताबिक, ज्ञानी राम एक काम के एवज में 5000 रुपये की रिश्वत मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद अउइ की टीम ने जाल बिछाया और रिश्वत लेते समय उसे पकड़ लिया। एसीबी की टीम ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया और अब उससे पूछताछ की जा रही है।

# झारखंड के पुलिसकर्मियों की मौत पर मिलेंगे 10 लाख, पहले से है एक करोड़ का बीमा

**रांची:** झारखंड पुलिस मुख्यालय और एसबीआई के अधिकारियों के बीच सैलरी पैकेज एमओयू से संबंधित सुविधाओं को लेकर नए सिरे से एमओयू किया गया है। पुलिस मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने एमओयू के बारे में जानकारी दी। मौके पर एसबीआई के पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी मौजूद थे।

डीजीपी ने बताया कि अब इस एमओयू के अंतर्गत 10 लाख का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) भी जोड़ा गया, जिसमें यदि किसी पुलिसकर्मी की मृत्यु आकस्मिक दुर्घटना के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से होती है, तो



भी उनके परिजनों को 10 लाख का बीमा दिया जाएगा। पहले से ही इस पैकेज में एक करोड़ का दुर्घटना बीमा, 1.60 लाख का जीवन बीमा कवरेज, एक करोड़ का पूर्ण विकलांगता कवरेज, 80 लाख की आशिक विकलांगता कवरेज शामिल हैं।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

गुमशुदा पुरूष सिमोन बारला, उम्र–करीब 31 वर्ष, पे0–रेजन बारला, सा0–उरते घरढोड़ा, थाना–बाँसजोर ओ0पी0, जिला–सिमडेगा, राज्य–झारखण्ड, दिनांक–27.09.2025 दिन शनिवार को रात्री 08:30 बजे बिना किसी को सूचित किये घर से भाग गया है, जो अभी तक अपने घर वापस नहीं लौटा है। गुमशुदा पुरूष की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसका विवरणी निम्नवत् है:–



हुलिया की विवरणी :–

| | |
|---|---|
| लिंग | :– पुरूष। |
| उम्र | :– 31 वर्ष। |
| रंग | :– साँवला। |
| बाल | :– घुँघरैला। |
| उँचाई | :– 05 फीट 03 ईंच । |
| भाशा | :– मुण्डारी, सादरी एवं हिन्दी । |
| पहनावा | :– जीन्स पेन्ट, चेक शर्ट, गला में ताबिज एवं हाथ में कड़ा। |

नोट :– मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा पुरूष के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा | – | मोबाइल नं0–9431116444 |
| पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा | – | मोबाइल नं0–9431706227 |
| थाना प्रभारी, बाँसजोर ओ0पी0 | – | मोबाइल नं0–9608015591 |
| पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा | – | मोबाइल नं0–9262998531 |
| मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 | – | मोबाइल नं0–1800–3456–256 |

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 363689 Simdega (25-26)_D


# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट, कार से मिले 16 लाख नकद

**संवाददाता**

**रांची/हजारीबाग:** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड पुलिस भी अलर्ट पर है। इसी कड़ी में हजारीबाग जिले के चौपारण थाना अंतर्गत चोरदाहा स्थित झारखंड-बिहार चेकपोस्ट के पास गुरुवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 16 लाख से अधिक नकद बरामद किए गए।

दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस भी कड़ी नजर बनाए हुए है। इसी बीच गुरुवार रात को वाहन चेकिंग कें दौरान पुलिस ने एक कार, वाहन संख्या जेएच02बीवी 0702 को रोका। इस दौरान वाहन सवार व्यक्ति के पास से एक सूटकेस में 16,50000 रुपये



नकद मिले। कार सवार व्यक्ति दक्षिणी दिल्ली का रहने वाला है।

वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक अर्टिगा कार को रोका। इस दौरान कार सवार व्यक्ति के सूटकेस से 16,50000 रुपये नकद बरामद किए गए- सरोज सिंह चौधरी, चौपारण थाना प्रभारी थाना प्रभारी ने बताया कि व्यक्ति ने बरामद राशि से संबंधित कोई भी कागजात पेश नहीं किए, जिसके कारण पदाधिकारियों ने जब्ती सूची बनाकर उक्त व्यक्ति सहित पैसे को जब्त कर लिए हैं और आगे की जांच जारी है। इस छापेमारी में अंचलाधिकारी संजय यादव, सब-इंस्पेक्टर सरोज सिंह, चौपारण थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक राज कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर बादल कुमार महतो सहित अन्य जवान शामिल थे।



## राज्यपाल से मिले राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव

**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय को उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।



## परीक्षा स्थगित करना छात्रों के साथ विश्वास घात : देवेन्द्र नाथ महतो

**रांची:** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 9 से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित झारखंड तकनीकी विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को अचानक देर शाम अपरिहार्य तकनीकी कारणों का हवाला देते स्थगित कर दिया गया है । मौके पर जेएलकेएम छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने सोशल एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि झारखंड के छात्रों के भविष्य को नर्क बना दिया गया है, छात्रहित में न स्थानीय नीति है न नियोजन है ।कभी पेपर लीक से तो कभी अपरिहार्य तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए परीक्षा रद्द किया जाता है । छात्रों के उम्मीदों, सपनों और आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आयोग परीक्षा लेने में सक्षम नहीं है तो एडमिड कार्ड जारी नहीं करना था, अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र जिला पहुँचकर हॉस्टल, लॉज, होटल भी बुक कर चुके थे, अचानक परीक्षा स्थगित से छात्रों का आर्थिक और मानसिक नुकसान हुआ है ।

## झारखंड की दो बच्चियों की हुई सकुशल वापसी

**रांची:** तमिलनाडु की एक कंपनी द्वारा बंधक बनाई गई पूर्वी सिंहभूम की दो लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। सीएम हेमंत सोरेन के संज्ञान लेने के बाद जमशेदपुर पुलिस की पहल से संभव हो पाया है। इस मामले को पोटका के झामुमो विधायक संजीव सरदार ने उठाया था। उन्होंने एक्स पर सीएम हेमंत सोरेन, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और जमशेदपुर पुलिस को टैग कर दो बच्चियों की सकुशल वापसी का आग्रह किया था।

# आरटीआई दिवस के दिन निःशुल्क वर्कशॉप

### चर्चा, संवाद और जागरूकता है संगठन का मूल मंत्र :हमार अधिकार मंच

**संवाददाता**

**रांची:** हमार अधिकार मंच द्वारा दिनांक 12 अक्टूबर रविवार को आरटीआई दिवस के अवसर पर निःशुल्क आरटीआई वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्कशॉप सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को देश भर में लागू हुए 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया जा रहा है, जो ट्रेंड्स स्टूडियो, सेकंड फ्लोर, सिंह मार्ट, पीपी कंपाउंड, सुजाता चौक के निकट, रांची में दोपहर ढाई बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें रांची सहित विभिन्न जिलों के आरटीआई कार्यकर्ता जुटेंगे और आरटीआई रिसोर्स पर्सन विधिज्ञ दीपेश निराला के द्वारा सूचना का



अधिकार अधिनियम, 2005 कानून की बारीकियों की जानकारी साझा की जाएगी और बताया जाएगा की वर्तमान स्थिति में आरटीआई कानून का प्रयोग कैसे किया जाय।

इस वर्कशॉप की तैयारी के निमित्त आज आयोजकों की एक मीटिंग संपन्न हुई, जिसमें मुख्य रूप से दीपेश निराला, रेणुका तिवारी, राजकुमार, विनोद जैन बेगवानी, दिलबीर सिंह, दिलीप कुमार, पिया बर्मन, प्रशांत कुमार प्रधान, कविता होरो, दीनबंधु कुमार व अन्य उपस्थित हुए।



## मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता अभियान

**रांची:** लायंस विश्व सेवा सप्ताह के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रम लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान के तहत समाज में फैल रहे मानसिक तनाव के खिलाफ आज बैनर, श्लोगन के माध्यम से रांची मेन रोड में पैदल यात्रा का आयोजन किया गया एवं समाज को मानसिक तनाव से बचने की सलाह दी गई। आज के इस कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पूर्व अध्यक्ष लायन रतन लाल अग्रवाल, लायन दिवाकर राजगढ़िया, उपाध्यक्ष लायन सुनील माथुर,सचिव लायन अमित कुमार, कोषाध्यक्ष लायन अंजना गट्टाणी,लायन नीरज कांत साहा, लायन रामबालक वर्मा, लायन रामकृष्ण ,लायन अजीत गुप्ता व अन्य सदस्य उपस्थित हुए।


झारखण्ड सरकार

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला

दूरभाष-06524–223092,(मो0)9431706376,
E-mail Id- sp-gumla@jhpolice.gov.in

(अज्ञात शव की पहचान हेतु)



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि अज्ञात शव (पुरूष) जिसका उम्र करीब 50 वर्ष, लम्बाई करीब 05 फीट, लाल रंग का हाफ टी–सर्ट, एवं काला रंग का फुल लुजर पहना हुआ था। जिसके आलोक में अज्ञात अपराधकर्मीयों के विरूध में गुमला थाना कांड सं0–320/25 दिनांक 28.09.2025 दर्ज किया गया है, उक्त शव की पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि अज्ञात शव (पुरूष) के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित अंकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला – 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4. थाना प्रभारी, गुमला – 9431706206

पुलिस अधीक्षक,
गुमला

PR 363671 Police Wireless Headquarter (25-26)_D

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 | CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091 | DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930 | AMBULANCE SERVICE-108








### रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को सर्वोच्च न्यायालय से मिली जमानत

# कोरोना काल में किए गए इनके कार्य लोगों के लिए काफी कारगर और प्रेरणास्रोत रहे थे

**मेट्रो रेज**

**रांची/ नई दिल्ली:** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी छवि रंजन को सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिल गई है।

गौरतलब हो कि श्री रंजन जब रांची के उपायुक्त थे तब इनके द्वारा कोरोना काल में किए गए कार्य लोगों के लिए काफी कारगर और प्रेरणास्रोत रहे थे। कोरोना ग्रस्त मरीजों की समुचित इलाज की व्यवस्था और जागरूकता काफी कारगर रही थी। सामाजिक संगठनों का सहयोग आमजनों की सहभागिता और अस्पतालों में बेहतर सुविधा के लिए इनके प्रयास काफी कारगर रहे थे तथा जमीनी मामले में इनकी गिरफ्तारी के पश्चात आज सर्वोच्च न्यायालय से उन्हें सशर्त जमानत मिल गई है।






## कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207
पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.09.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–बरगांव, थाना–सिसई के अन्तर्गत वनभूमि के अन्दर अवैध रूप से रास्ता बनाने में एक महिन्द्रा ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात सहित 13 पीस सीमेंट का खुँटा को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी नर्सरी परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 30.10.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 363752 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D

## कार्यालय
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.08.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह–बांसडीह मुख्य पथ पर सिकोई में 14 बोझा जलावन लकड़ी सहित एक टाटा मैजिक वाहन सं0–JH04Q7123 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर रायडीह वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 30.10.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.363763 Forest, Environment and Climate Changes(25-26):D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## बिहार में चुनावी बहार

आखिरकार, चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दो दशक में पहली बार इतनी कम अवधि तथा दो चरणों में मतदान छह व ग्यारह नवंबर को होगा और मतगणना चौदह नवंबर को होगी। विवादों के केंद्र में रही चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर विपक्ष की राजनीति राजग गठबंधन को चुनौती देगी। एक घटक, जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जो पलायन व भ्रष्टाचार के मुद्दे को पार्टी का लक्ष्य बता रहे हैं। बहरहाल, लोकसभा चुनाव सात चरण में कराने के खट्टे अनुभवों से सबक लेकर चुनाव आयोग ने विपक्षी दलों की मांग पर विधानसभा चुनाव दो चरणों में समेटने का निर्णय लिया है। लेकिन यह तय है कि जिस तरह आनन-फानन में पर्याप्त तैयारियों की कमी के बीच एसआईआर को अंजाम दिया गया, उसको लेकर तमाम तरह के सवाल उभरते ही रहेंगे। यहां तक कि मामले में बार-बार शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा। अभी आयोग को उन लोगों की शिकायत का सामना करना पड़ेगा, जो वोटर लिस्ट में अपना नाम नहीं देख पा रहे हैं। बहरहाल, एक बात तो तय है कि दो दशक से बिहार की राजनीति के केंद्र में बने हुए नीतीश कुमार को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि राजग नेतृत्व को उम्मीद है कि हाल के दिनों में कराए गए विकास कार्य तथा लोकलुभावनी योजनाओं की बरसात से वोटों की फसल सींची जा सकेगी। ये आने वाला वक्त बताएगा कि बिहार का जनमानस नीतीश को फिर से गद्दी सौंपता है या फिर उत्साहित महागठबंधन को सत्ता में आने का मौका देता है। कांग्रेस व राजद का कई मतभेदों के बावजूद एकजुट रहना सुशासन बाबू के लिये मुश्किलें जरूर पैदा कर सकता है। इन चुनावों में मोदी-शाह की प्रतिष्ठा का भी मूल्यांकन होगा। नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इन चुनावों में दांव पर लगी है कि क्या वे दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले पाएंगे। बहरहाल, इस बार सुशासन बाबू की प्रतिष्ठा भी दांव पर है, जब विपक्ष ने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था के सवाल को बड़ा मसला बना दिया है। जिस मुद्दे पर नीतीश अब तक राजद सरकार को जंगल राज बताकर घेरते रहे हैं, वही अस्त्र अब महागठबंधन की ओर से चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष एसआईआर विवादों के आलोक में मतदाताओं में असमंजस की बात कह रहा है। उसकी दलील है कि अब जब चुनाव में कुछ ही हफ्ते बाकी हैं विशेष गहन पुनरीक्षण अभी भी न्यायिक जांच के दायरे में है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से अंतिम मतदाता सूची से बाहर किए गए 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। दरअसल, 24 जून को चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर अभियान शुरू करने के बाद मतदाताओं की संख्या में खासा फेरबदल होता रहा है। अभियान शुरू करते वक्त बिहार में मतदाताओं की संख्या 7.9 करोड़ थी, फिर एक अगस्त को जारी मसौदा सूची में यह संख्या घटकर 7.24 करोड़ रह गई। मृत्यु,प्रवास और दोहराव सहित विभिन्न आधारों पर 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे। अब अंतिम सूची में 7.42 करोड़ मतदाता हैं। मसौदा सूची में 21.53 लाख नाम जोड़े गए हैं और कुल 3.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों की दुविधा दूर करने के लिये चुनाव आयोग से कुछ सवालों का जवाब तुरंत देने को कहा है। निस्संदेह, न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण, एसआईआर में कुछ हद तक पारदर्शिता देखी गई है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग को उन अवैध प्रवासियों की संख्या साझा करने की जरूरत है, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए थे। उम्मीद की जानी चाहिए कि अखिल भारतीय एसआईआर शुरू करने से पहले बिहार से सबक लेकर सामने आई कमियों को दूर करने की दिशा में चुनाव आयोग पहल करेगा। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि महिलाओं, दिव्यांगों व बुजुर्गों के लिये बड़े पैमाने पर की गयी घोषणाओं का कितना लाभ सुशासन बाबू को मिलता है।

## रिश्तों में नई ऊर्जा

ऐसे वक्त में जब अमेरिका ने निरंकुश टैरिफ थोपने व भारत के हितों पर कुठाराघात की नीति अख्तियार की हुई है, ब्रिटेन के साथ रक्षा व कारोबारी रिश्तों में नई शुरूआत उम्मीद जगाने वाली है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते का सिरे चढ़ना दोनों पक्षों के हित में बताया जा रहा है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा को नई दिल्ली और लंदन के संबंधों में एक नये सिरे से बदलाव का प्रतीक बताया जा रहा है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात के प्रतीकात्मक और व्यावहारिकता की दृष्टि से गहरे निहितार्थ हैं। इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण समझौते इस यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हैं। जिसमें 468 मिलियन डॉलर का मिसाइल सौदा, मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए के शीघ्र क्रियान्वयन के लिये प्रतिबद्धता तथा भारत में नौ ब्रिटिश विश्वविद्यालय खोलने पर सहमत होना शामिल है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी है कि इस रिश्ते में ह्यएक नई ऊर्जा हैह्न, जो व्यापार, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा का समन्वय चाहती है। हालांकि, मुक्त व्यापार समझौते का मूल्यांकन, इसके प्रतीकात्मक मूल्य के बजाय इसके वास्तविक आर्थिक प्रभाव के आधार पर किया जाना चाहिए। मुक्त व्यापार समझौते के क्रियान्वयन के बाद भारत के लिये ब्रिटिश बाजार तक भारतीय कपड़ों, दवा और सेवाओं, विशेष रूप से आईटी और फिनटेक के निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर मुक्त व्यापार समझौते के क्रियान्वयन को लेकर कुछ चिंताएं भी मौजूद हैं। मसलन छोटे और मध्यम उद्यमों के सामने सस्ते ब्रिटिश आयातों से कमजोर होने या नियामक विषमताओं का सामना करने की आशंका बनी हुई है। इसमें दो राय नहीं है कि एफटीए के फलस्वरूप, ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन के लिये, भारत एक अनिश्चित वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच विकास का एक लाभप्रद अवसर और एक स्थिर अर्थव्यवस्था वाला मजबूत साझेदार का मिलना है। लेकिन इसके बावजूद मुक्त व्यापार समझौते के क्रियान्वयन में भारतीय हितों की रक्षा के लिये सतर्क पहल की जरूरत भी महसूस की जा रही है। वैसे यह भी तथ्य है कि अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा में पारस्परिक निवेश की कसौटी पर ही दोनों देशों के रिश्तों की असली परीक्षा होगी। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि भारतीय पेशेवरों या छात्रों के लिए वीजा मानदंडों में ढील देने से स्टारमर का स्पष्ट इनकार करना इस बहुप्रचारित साझेदारी की सार्थकता को लेकर सवाल पैदा कर सकता है। यह विडंबना ही है कि ब्रिटेन कुछ मुद्दों को लेकर दोहरा मापदंड अपना रहा है। एक ओर ब्रिटेन जहां भारतीय बाजार में अपनी पहुंच बनाना और साथ ही तकनीकी सहयोग तो पाना चाहता है, लेकिन वहीं वह श्रम की गतिशीलता को लेकर सतर्क बना हुआ है, जो कि ब्रिटेन के साथ भारत के आर्थिक और शैक्षिक जुड़ाव का एक केंद्रीय मुद्दा बना रहा है। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि यदि प्रतिभाओं का आदान-प्रदान एकतरफा ही रहेगा, तो पारस्परिक लाभ पर साझेदारी फल-फूल नहीं सकती। निर्विवाद रूप से यह तथ्य तार्किक है कि मुक्त व्यापार समझौते की राह अभी भी बाधाओं से पूरी तरह से मुक्त नहीं हो पायी है। उल्लेखनीय है कि टैरिफ, बौद्धिक संपदा और श्रम गतिशीलता के मुद्दे पर मतभेद अभी भी बने हुए हैं। वहीं दूसरी ओर मूल्य आधारित कूटनीति पर भारतीय प्राथमिकता को लेकर दोनों देशों में मतभेद सामने आ सकते हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि दोनों पक्षों को पुरानी कसक से प्रेरित कूटनीति से आगे बढ़ने की जरूरत होगी। निर्विवाद रूप से विशेष संबंध औपनिवेशिक हैंगओवर या प्रवासी भावना पर आधारित नहीं हो सकते। इस साझेदारी का वायदा एक ऐसे सतत सहयोग के निर्माण में निहित है, जिसमें दोनों देशों के आम नागरिकों को वास्तविक लाभ मिल सके। भारत की चिंता ब्रिटेन की भूमि से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने वाले तत्वों पर अंकुश लगाने को लेकर भी है। निश्चय ही अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब अराजकता नहीं हो सकता।

# संघ के 100 साल: बूंद-बूंद सागर बना

**अंग्रेजों के शासन से देश को देश को आजाद कराने के आंदोलन के समय अनेक संगठन वजूद में आए। कुछ क्रांतिकारी संगठन तो अपने नेता के न रहने पर या आजादी के साथ समाप्त हो गए लेकिन विचारधारा से जुड़े संगठन आगे भी चलते रहे। 1885 में कांग्रेस की स्थापना भले किसी और उद्देश्य से हुई हो लेकिन बाद में वह आजादी के आंदोलन का ध्वज वाहक बना।**

**मनोज कुमार मिश्र**

विजयादशमी को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना के सौ स्वर्णिम साल पूरे हो गए। सौ साल पहले डाक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने कुछ साथियों के साथ राष्ट्र जागरण के संकल्प के साथ संघ के रूप में एक दीप जलाया था। इन सौ सालों में वह अखंड ज्योति बन कर भारत की आत्मा को आलोकित कर रहा है। उसकी मजबूत उपस्थिति आज समाज के हर क्षेत्र में है। संघ के मौजूदा सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत ने कई बार दोहराया है कि संघ में सबकुछ परिवर्तनशील है, सिवाय इस मूल विश्वास के कि भारत हिन्दू राष्ट्र है। संघ हिन्दू समाज को संगठित करने और उसे सामर्थ्यवान बनाने का काम कर रहा है। वह न तो किसी का तुष्टिकरण करता है न ही किसी से भेदभाव। संघ के आसपास बने विभिन्न संगठनों में कांग्रेस तो एक हद तक अपनी मौजूदगी बनाए हुए है लेकिन जिस नेता (महात्मा गांधी) के बूते उसे आजाद भारत की सत्ता मिली, उसके विचारों से जुड़ी संस्थाएं मृतप्राय हैं। समाजवादी दल तहस-नहस हो गए। वामदल तमाम टूट-फूट के बाद हाशिए पर पहुंच गए। संघ ने इस सौ साल की यात्रा में तमाम मिथ्या आरोप झेले, तीन-तीन बार प्रतिबंधों का सामना किया और इन सभी बाधाओं को पार कर विश्व का सबसे बड़ा संगठन बना। संघ में निरंतरता बनी रही। इतना ही नहीं वह इस देश को परम वैभव पर पहुंचाने के अपने लक्ष्य के लिए लगातार काम कर रहा है। संघ ने समाज जीवन के हर क्षेत्र में मानक स्थापित करने वाले संगठन बनाए। वास्तव में उनका कार्यक्षेत्र संघ के सहयोग से संघ से भी बड़ा हो गया है। अंग्रेजों के शासन से देश को देश को आजाद कराने के आंदोलन के समय अनेक संगठन वजूद में आए। कुछ क्रांतिकारी संगठन तो अपने नेता के न रहने पर या आजादी के साथ समाप्त हो गए लेकिन विचारधारा से जुड़े संगठन आगे भी चलते रहे। 1885 में कांग्रेस की स्थापना भले किसी और उद्देश्य से हुई हो लेकिन बाद में वह आजादी के आंदोलन का ध्वज वाहक बना। इसलिए समाजवादी दल, वाम (तब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी थी) दल या डाक्टर हेडगेवार और उनके साथी, सभी आजादी के आंदोलन में कांग्रेस के साथ ही सक्रिय थे। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की प्रेरणा से आजादी के आंदोलन में सक्रिय होकर डाक्टर हेडगेवार जेल गए लेकिन उनका कांग्रेस नेतृत्व से जल्दी ही मोहभंग हो गया। डाक्टर हेडगेवार ने संघ के व्यक्ति निर्माण के काम को प्राथमिकता से करना जारी रखा। उनके साथ लोग जुड़ते गए और कारवां बढ़ता गया।

संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन हुई। कलकत्ता (अब कोलकता) से डाक्टरी की पढ़ाई कर के लौटे केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने कुछ साथियों के साथ संघ की स्थापना की। वे देश के आजादी के आंदोलन में सक्रिय होकर जेल भी गए। 1940 में उनके निधन तक संघ की पहचान एक बड़े संगठन के तौर पर हो गई थी। उन्होंने अपना उत्तराधिकारी माधव सदाशिव गोलवरकर (गुरुजी) को बनाया, जो बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय(बीएचयू) में प्राणी विज्ञान के प्रोफेसर थे। उन पर अध्यात्म का प्रभाव ज्यादा था। वे 33 साल तक सरसंघचालक रहे। इस दौरान 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद मिथ्या आरोप में संघ पर 4 फरवरी को प्रतिबंध लगा और गुरुजी समेत बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए। 12 जुलाई, 1949 को संघ से प्रतिबंध हटा। 9 जुलाई, 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का गठन हुआ। परिषद् आज देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन बना। उसने अपना घोष वाक्य बनाया-छात्र शक्ति, राष्ट्र शक्ति। 1936 में महिलाओं में काम करने के लिए राष्ट्र सेविका समिति बनी। 1955 में भारतीय मजदूर संगठन बना। संगठन के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने इसे न केवल देश का सबसे बड़ा संगठन बनाया। इसके साथ 44 फेडरेशन और 5300 यूनियन हैं। उन्होंने मजदूर संगठनों की नई परिभाषा बना दी। नया नारा दिया- देश हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम। 3 दिसंबर, 1950 को राजनीतिक दल जनसंघ का गठन हुआ जो जनता पार्टी से अपनी यात्रा को पूरी करके 1980 में भाजपा बना। 1966 में विश्व हिन्दु परिषद बना। इसी तरह हर क्षेत्र में संगठन बने। संस्कार भारती, सेवा भारती, बनवासी कल्याण केन्द्र, भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच, एकल विद्यालय, गो रक्षा, अधिवक्ता परिषद, नेशनल मेडिको आर्गनाईजेशन इत्यादि। आज 51 हजार स्थानों पर संघ की 83 हजार शाखाएं लग रही हैं। संघ से जुड़े 1,29,000 सेवा प्रकल्प शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। संघ की प्रेरणा से श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति महायज्ञ संपन्न हुआ। संघ की प्रेरणा से ही जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ। संघ की इस सौ साल की यात्रा में अनेक बाधाएं आई। अनेक प्रभावशाली पदाधिकारी और नेता, संघ से नाराज होकर अलग घर बैठ गए लेकिन किसी ने दूसरा संघ बनाने का प्रयास नहीं किया। संघ नेतृत्व की क्षमता के अनेक उत्कृष्ट उदाहरण मिलते हैं। गुरुजी के बाद अब तक सरसंघचालक का सबसे लंबा कार्यकाल बाला साहब (मधुकर दतात्रेय) देवरस का रहा। वे और संपूर्ण उत्तर भारत में संघ कार्य खड़ा करने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उनके छोटे भाई भाऊराव (मुरलीधर दत्तात्रेय) देवरस 7 साल (1953 से 1960) तक संघ नेतृत्व से मतभेद के चलते घर लौट गए थे। गुरुजी ने उनसे संवाद बनाए रखा और उन्हें वापस लाकर पहले रेशम बाग में बन रहे डाक्टर साहब की समाधि निर्माण की जिम्मेदारी दी। फिर सह सरकार्यवाह और फिर सरकार्यवाह और 1973 में अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। वे अगले बीस साल तक संघ के सरसंघचालक रहे। इसी तरह दिल्ली में संघ काम खड़ा करने वाले वसंत राव ओक संघ से नाराज रहे लेकिन कोई नया संगठन नहीं बनाया। इस तरह से संघ के किसी पदाधिकारी से या किसी मुद्दे पर संघ से नाराज होने वालों की भी बड़ी संख्या है लेकिन न तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से संघ की आलोचना की और न ही कोई संगठन बनाया। इतना ही नहीं संघ से जुड़े संगठनों खास करके राजनीतिक दल जनसंघ या भाजपा से अनेक नेता अलग हुए। कुछ ने अपना दल भी बनाया लेकिन वे ज्यादा लंबा नहीं चल पाए।

# नारी शक्ति का सवश्रेष्ठ उदहारण है करवा चौथ

**हमारा भारत धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनों का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है।**

**रमेश सर्राफ धमोरा**

करवा चौथ विवाहित महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण त्योहार है। सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक पत्नियाँ अपने पति की सलामती के लिए व्रत रखती हैं। पूरे दिन बिना पानी पिए और कुछ भी खाए व्रत रखना आसान नहीं है, लेकिन स्नेही पत्नियाँ अपने पति के प्रति पूरे प्रेम और सम्मान के साथ ये सभी रस्में निभाती हैं। यह त्योहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता है और यह न केवल त्योहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्योहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण है। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती हैं। आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीघार्यु को लेकर सचेत रहती हैं। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। करवा चौथ शब्द करवा अर्थात मिट्टी का बर्तन और चौथ अर्थात चतुर्थी से मिलकर बना है। इस पर्व पर मिट्टी के करवे का विशेष महत्व होता है। सभी विवाहित महिलाएं पूरे वर्ष इस त्योहार की प्रतीक्षा करती हैं और इसकी सभी रस्मों को श्रद्धा के साथ निभाती हैं।

हमारा भारत धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनों का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं।किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवाचौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।शास्त्रों के अनुसार पति की दीघार्यु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिनभर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के उपरान्त भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें। व्रत करने वाली महिलाएं करवा चौथ के बारे में कहानी सुनती हैं। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रौपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहन इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ का व्रत बतलाया। इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लड़के एवं एक गुणवती लड़की थी। एक बार लड़की मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयों से न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो।बहन ने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पति की मृत्यु हो गई। अब वह दुःखी हो विलाप करने लगी। तभी वहां से रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दुःख न देखा गया। ब्राह्मण कन्या ने उनके पैर पकड़ लिए और अपने दुःख का कारण पूछा। तब इंद्राणी ने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किए करवा चौथ का व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्ष भर की चौथ का व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जाएगा। उसने इंद्राणी के कहे अनुसार चौथव्रत किया तो पुनः सौभाग्यवती हो गई। इसलिए प्रत्येक स्त्री को अपने पति की दीघार्यु के लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदी ने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आए। तभी से हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहाग के लिए करवा चौथ व्रत करती हैं। कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालच को त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थी का व्रत को पूर्ण करता है तो वह जीवन में सभी प्रकार के दुखों और क्लेशों से मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देश में चौथमाता का सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। यहां के चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान ने करवाई थी।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# नारी श्रद्धा और प्रेम का अमर पर्व करवा चौथ

भारत की गौरवशाली संस्कृति में करवा चौथ पर्व का विशेष महत्व है क्योंकि विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए पूरे दिन व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलती हैं। भारतीय समाज में वैसे तो महिलाएं विभिन्न अवसरों पर अनेक व्रत रखती हैं लेकिन पति को परमेश्वर मानने वाली नारी के लिए इन सभी व्रतों में सबसे अहम स्थान रखता है ह्यकरवा चौथह्न व्रत, जो इस वर्ष 10 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। पति की दीघार्यु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य तथा सौभाग्य के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में उसकी सफलता की कामना से सुहागिन महिलाओं द्वारा कार्तिक



कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाने वाला यह व्रत अन्य सभी व्रतों से कठिन माना जाता है, जो सुहागिनों का सबसे बड़ा व्रत एवं त्यौहार है। महिलाएं अन्न-जल ग्रहण किए बिना अपार श्रद्धा के साथ यह व्रत रखती हैं तथा रात्रि को चन्द्रमा के दर्शन करके अर्ध्य देने के बाद ही व्रत खोलती हैं। यही वजह है कि अखण्ड सुहाग का प्रतीक यह व्रत अन्य सभी व्रतों के मुकाबले काफी कठिन माना जाता है। कहा जाता है कि इस व्रत के समान सौभाग्यदायक अन्य कोई व्रत नहीं है और सुहागिनें यह व्रत 12-16 वर्ष तक हर साल निरन्तर करती हैं, उसके बाद वे चाहें तो इसका उद्यापन कर सकती हैं अन्यथा आजीवन भी यह व्रत कर सकती हैं। आजकल तो कुछ पुरूष भी पूरे दिन का उपवास रखकर पत्नी के इस कठिन तप में उनके सहभागी बनते हैं। दिनभर उपवास करने के बाद शाम को सुहागिनें करवा की कथा सुनती व कहती हैं तथा चन्द्रोदय के बाद चन्द्रमा को अर्ध्य देकर अपने सुहाग की दीघार्यु की कामना कर प्रण करती हैं कि वे जीवन पर्यन्त अपने पति के प्रति तन, मन, वचन एवं कर्म से समर्पित रहेंगी। पूजा-पाठ के बाद सुहागिनें अपनी सास के चरण स्पर्श कर उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। करवा चौथ पर्व के संबंध में वैसे तो कई कथाएं प्रचलित हैं लेकिन सभी कथाओं का सार पति की दीघार्यु और सौभाग्यवृद्धि से ही जुड़ा है। विभिन्न पौराणिक कथाओं के अनुसार ह्यकरवा चौथह्न व्रत का उद्गम उस समय हुआ था, जब देवों व दानवों के बीच भयंकर युद्ध चल रहा था और युद्ध में देवता परास्त होते नजर आ रहे थे। तब देवताओं ने ब्रह्माजी से इसका कोई उपाय करने की प्रार्थना की और ब्रह्मा जी ने उन्हें सलाह दी कि अगर सभी देवों की पत्नियां सच्चे एवं पवित्र हृदय से अपने पति की जीत के लिए प्रार्थना एवं उपवास करें तो देवता दैत्यों को परास्त करने में अवश्य सफल होंगे। ब्रह्मा जी की सलाह पर समस्त देव पत्नियों ने कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को यह व्रत किया और रात्रि के समय चन्द्रोदय से पहले ही देवता दैत्यों से युद्ध जीत गए। तब चन्द्रोदय के पश्चात दिनभर की भूखी-प्यासी देव पत्नियों ने अपना-अपना व्रत खोला। ऐसी मान्यता है कि तभी से इसी दिन करवा चौथ का व्रत किए जाने की परम्परा शुरू हुई।

करवा चौथ के व्रत के संबंध में अनेक प्रचलित कथाओं में से एक महाभारत काल से जुड़ी है। कहा जाता है कि एक बार धनुधार्री अर्जुन तप करने के उद्देश्य से नीलगिरी पर्वत पर गए तो द्रोपदी बहुत चिंतित हुई। उसने विचार किया कि यहां हर समय कोई न कोई संकट आता ही रहता है, इसलिए अर्जुन की अनुपस्थिति में इन संकटों से बचने के लिए क्या उपाय किया जाए? तब द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया और श्रीकृष्ण को अपने मन की व्यथा बताई। द्रोपदी की बात सुनकर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि पार्वती देवी ने भी एक बार भगवान शिव से बिल्कुल यही प्रश्न किया था और तब भगवान शिव ने उन्हें कहा था कि करवा चौथ का व्रत गृहस्थी में आने वाली तमाम छोटी-बड़ी बाधाओं को दूर करता है। द्रोपदी ने श्रीकृष्ण से करवा चौथ के व्रत के संबंध में विस्तार से बताने का आग्रह किया तो श्रीकृष्ण ने द्रोपदी को इस व्रत के महत्व को दशार्ती कथा सुनानी आरंभ की।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता रथ को रवाना



**देवघर** : जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी  नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को समाहरणालय सभागार में 'तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया, जो को 09 अक्टूबर 2025 से अगले 60 दिनों तक चलाया जाएगा। आगे उपायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तंबाकू के सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई और हस्ताक्षर कर नशे से दूर रहने की सलाह दी, ताकि अभियान के माध्यम से युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें इस लत से दूर किया जा सके। इसके अलावा उपायुक्त श्री  लकड़ा ने तम्बाकू के दुष्प्रभावों से सभी को अवगत कराने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आगे उन्होंने कहा कि यह अभियान पूर्व में चलाए गए तंबाकू मुक्त युवा अभियानों का तीसरा चरण है, जो नई रणनीति और व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस 60 दिवसीय अभियान का उद्देश्य तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरुकता बढ़ाना, युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना और जिले को तम्बाकू मुक्त बनाना है। साथ ही उन्होंने बताया कि अभियान में सभी विभागों की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के अलावा गैर सरकारी संगठनों और स्वयंसेवी समूहों को भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ गांवों को भी तंबाकू मुक्त घोषित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसमें जनसामान्य में तम्बाकू मुक्त जीवनशैली के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल रहेगा। आगे उपायुक्त ने सभी से अपील करते हुए कहा कि हमलोगों को अपने जिले को पूर्ण रूप से तम्बाकू मुक्त जिला बनाने की दिशा में सभी का सहयोग आवश्यक है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त  पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ.युगल किशोर चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी  शैलेश प्रियदर्शी, स्वास्थ्य विभाग की टीम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीपीएम नीरज भगत, डीएमएफटी की टीम संबंधित अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## भक्तिपूर्ण आयोजनों से लोगों के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ता है : यादव



**साहिबगंज/उधवा** : उधवा प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत कटहलबाड़ी गांवमें आयोजित तीन दिवसीय बाउलगान कार्यक्रम के दूसरे दिन, बुधवार की रात को लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।कार्यक्रम के दूसरे दिन, मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव और भाजपा नेता पंकज घोष ने शिरकत की। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बाउलगान कार्यक्रम का शुभारंभ किया।।पूजा समिति के सदस्यों ने मंच पर अतिथियों का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने  कहा कि बाउलगान सुनने से मन को असीम शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक और भक्तिपूर्ण आयोजनों से लोगों के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ता है। मौके पर कृष्ण शर्मा, संदीप घोष, गोपाल घोष, मिथुन घोष, बिफल घोष, सेंटू घोष, अरुण घोष, इंद्रजीत घोष, अभी घोष, बापी घोष, बबलू घोष, पिंकू घोष, कृष्णा मंडल, रमेश मंडल, मनोज मंडल, दिलीप साहा, राजेंद्र साहा, अशोक साहा, जयप्रकाश साहा, अमर साहा, कार्तिक साहा, पवन साहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भक्तगण मौजूद थे।

## विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं : चुन्ना सिंह



साहिबगंजः झारखंड विधानसभा की याचिका समिति की अध्यक्ष एवं सारठ विधायक चुन्ना सिंह,बगोदर विधायक निर्मल महतो और माडूर विधायक नागेन्द्र महतो ने गुरुवार को साहिबगंज नया परिसदन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई।इस दौरान जिला के सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।समिति ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और उनसे जनहित से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।मौके पर वन पदाधिकारी प्रवल गर्ग अपर समाहर्ता गौतम भगत,परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी,सदर एसडीओ अमर जॉन आईंदे,जिला खनन पदाधिकारी कृष्णा कुमार किस्कू सिविल सर्जन डॉ.रामदेव पासवान, ग्रामीण विकास प्रमंडल कार्यपालक अभियंता रामाकांत कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार,भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता,बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी,सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की,ग्रामीण एसडीपीओ विजय कुशवाह,तथा जीरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम विश्वकर्म योजना को लेकर किया गया एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

**दुमका** : पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद द्वारा दुमका जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन की प्रकिया इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुवार को सभा कक्ष, जिला उद्योग केन्द्र, दुमका में मुख्य अतिथि  आशुतोष कुमार सिंह, एलडीएम, दुमका,  के.एन. सिंह, उपाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, झारखंड एवं मंचासीन गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।  मनोज कुमार, ईओडीबी मैनेजर, दुमका द्वारा उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया।




कार्यक्रम के संयोजक  दीपक कुमार, आईईडीएस, सहायक निदेशक द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप-रेखा से अवगत कराते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौडा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं रूपए 500/- प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट हेतु 15 हजार रूपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। प्रथम चरण में एक लाख रूपए तका का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रूपए तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5) प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

सम्मानित अतिथि के.एन. सिंह, उपाध्यक्ष, लघु उद्योग भाररती, झारखंड ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया एवं इस योजना का लाभ लेने की अपील की।

मुख्य अतिथि  आशुतोष कुमार सिंह, एलडीएम, दुमका ने कार्यक्रम के उद्घाटन में अपने अभिभाषण में कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्मा जयंती दिनांक 17 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री जी के द्वारा डिजिटली बेंच (लागू) की गई थी। भारत सरकार के द्वारा इस योजना को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने सभा में उपस्थित 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों से इस योजना का लाभ लेने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण कराने का आह्वान किया।

तकनीकी सत्र में  शशि भूषण कुमार, एक्सपर्ट फैकल्टी, डिजिटल मार्केटिंग एवं ई-कॉमर्स ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन बाजार में अपने उत्पादों को विक्रय करने के बारे में विस्तार से बताया। प्रोडक्ट के कीमत निर्धारण, पैकेजिंग, लेबलिंग एवं ई-कॉमर्स साइट पर ऑनबोर्डिंग के बारे में सरल शब्दों में सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। भोजनावकाश के बाद तकनीकी सत्र में  दास कुमार एक्का, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, दुमका ने इस योजना में रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया, उद्यम पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने प्रतिभागियों को झारखंड सरकार की ओर से उपलब्ध सहायता योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया।  अजीत कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक, आईपीपीबी, दुमका द्वारा पीएम विश्वकर्मा लाभुकों को यूपीआई क्यू आर कोड बनाकर दिया गया जिससे उन्हें यूपीआई लेन देन में सुविधा हो।

शिविर में योजना के तहत कुल 20 उद्यमियों का ऑन स्पॉट उद्यम पंजीकरण (वर्टिं र्फ्ि२३१३ङ्क्ल्ल) कराया गया।

साथ ही उपस्थित सभी उद्यमियों को टरटए अंतर्गत उद्यम पंजीकरण की प्रक्रिया एवं इसके लाभों के बारे में ई.ओ.डी.बी. मैनेजर मनोज कुमार प्रमाणिक द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कुणाल, यंग प्रोफेशनल ने कार्यक्रम की समाप्ति पर सभा में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। दुमका जिले के लगभग 110 से ज्यादा शिल्पकारों और कारीगरों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। शाखा एम.एस.एम.ई. विकास कार्यालय, धनबाद के कार्मिकों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में संपूर्ण सहयोग किया।

# बाढ़ के कारण कई दिनों तक लोग घर से बाहर रहने को मजबूर हो जाते हैं : श्याम सुंदर



संवाददाता

**साहिबगंज** : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला कमेटी के श्याम सुंदर पोद्दार के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल साहिबगंज उपायुक्त से मिल कर सदर प्रखंड के रामपुर स्थित सकरीगली पंचायत के  गोपालपुर दियारा में गंगा कटाव से संबंधित10 सूत्री मांग पत्र सौपा।श्याम सुंदर पोद्दार ने बताया कि साहिबगंज जिले के तीन प्रखंड सदर प्रखंड,राजमल और उधवा में प्रत्येक साल बाढ़ आती है।जिस कारण लोगों को कई तरह से नुकसान उठाना पड़ता है।बाढ़ के कारण कई दिनों तक लोग घर से बाहर रहने को मजबूर हो जाते हैं।शिष्टमंडल में जिला कमेटी सदस्य कॉमेडी इशितयाक,श्याम सुंदर पोद्दार,आशीष रंजन,सलीम शेख,अमरनाथ चौधरी उपस्थित थे।

मुख्य मांगे : बाढ़ से प्रभावित बेघर लोगों के लिए राहत शिविर बनाया जाए व पर्याप्त मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जाए, बाढ़ से प्रभावित भूमिहीन बेघर लोगों के लिए सरकारी जमीन चिन्हित कर पुनर्वास की व्यवस्था किया जाए, बनवा देवी का सामान सहित नाव डूबने के कारण उन्हें आपदा प्रबंधन समिति से मुआवजा दिया जाए,गंगा में बहने वाले स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र को अस्थाई रूप से संचालित किया जाए।गोपाल दियारा में दुर्गा मंदिर स्थान सहित विभिन्न जगहों पर सोलर लाइट की व्यवस्था किया जाए, जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों का गोदाम दियारा में स्थानांतरित कर दियारा में ही राशन बटवाने की व्यवस्था किया जाए,जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से यह सुनिश्चित किया जाए की राशन कार्ड धारी को पांच किलोग्राम प्रति यूनिट अनाज वितरण एवं प्रति यूनिट 4 किलो अनाज देने वाले जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों पर आवश्यक कार्रवाई की जाए गोपालपुर दियारा क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ फसल नष्ट हो जाने वाले किसान परिवारों को फसल का उचित मुआवजा दिया जाए बाढ़ से प्रभावित दियारा में पशुओं के लिए चार का व्यवस्था उपलब्ध कराया जाए,गोपाल दियारा के लोगों के आने-जाने के लिए एक सरकारी नाव उपलब्ध कराया जाए,साथ ही गंगा में समाए घरों की एक सूची भी उपायुक्त को सौपा गया।

## एकदिवसीय रोजगार मेला संपन्न



**देवघर** : जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी  नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार गुरुवार को झारखण्ड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, देवघर द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें, निजी क्षेत्र के 08 नियोजक/कंपनी तथा रोजगार तलाश रहे 210 स्थानीय युवा-युवतियों ने भाग लिया। उक्त रोजगार मेला में नियोजकों द्वारा 108 युवा-युवतियों को शार्टलिस्टेड किया गया और अंतिम रूप से चयनित 89 युवा-युवतियों को ऑनस्पॉट ऑफर लेटर का वितरण किया गया। रोजगार मेला में मुख्य रूप से निम्न कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेला में प्रमुख रूप से निम्न पदों इलेक्ट्रीसियन, एसेसरीज फिटर, मशीन ऑपरेटर, फ्रंट ऑफिस एसोसिएट, कम्प्युटर ऑपरेटर, टेलिसेल्स एक्सक्युटीव, एच आर रिक्रुचर, कलेक्सन ऑफिसर, अमेजन सेल्समैन, फिल्ड सर्वेयर, सिक्युरिटी गार्ड, सुपरवाईजर, लॉन कलेक्सन एक्सक्यूटीव, पंचायत को-ऑर्डिनेटर, प्रोजेक्ट को-ओर्डिनटर, स्टोर इंचार्ज, डाटा इंट्री ऑपरेटर, वीएफसी, एच आर मैनेजर  इत्यादि के लिए चयनित किया गया। रोजगार मेला का आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी, देवघर  प्रीति कुमारी के देख रेख में किया गया। रोजगार मेला में जिला नियोजनालय के  समीर जेवियर मराण्डी, लिपिक,  जेपी शरण,  यंग प्रोफेशनल,  प्रियव्रत मिश्रा, यूएनडीपी,  चंदन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य कमीर्यों के सहयोग से सफल आयोजन किया गया। जिला के स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु आनेवाले दिनों में भी लगातार रोजगार मेला एवं भर्ती-कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

# एएफसी क्लब अठगामा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया

संवाददाता

**साहिबगंज** : युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार माय भारत मेरा युवा भारत साहिबगंज  के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में बोरियो और पतना प्रखंड में प्रतियोगिता  आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, उ.उ. वि.सोती चौकी पांगड़ों  बोरियो की प्रभारी प्राचार्य सुष्मिता सोरेन  , पतना प्रखंड के शिवपहाड़ पंचायत के वार्ड आग्नेयस टुडू  सगुड़ित दुर्गा तूरी और सोशल ऑडिट के सदस्य उपेंद्रनाथ साह उपस्थित रहे। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में फुटबॉल लंबी कूद और पुरुष का  400 मीटर दौड़ और महिलाओं का 200 मीटर दौड़,रस्सी कूद और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन  कराया गया ।अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल की शुरूआत किया गया। जिसमें अठगामा मांझी टोला,बड़तल्ला,सुगनिवासा, और दलदली गांव के खिलाड़ियों ने भाग लिया । फुटबॉल में  एएफसी क्लब अठगामा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि छोटा अठ गामा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ पुरुष में सुनील टुडू प्रथम श्रीराम मुर्मू तृतीय और दनियाल सोरेन द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।लंबी कूद में सुनील टुडू प्रथम ,राजेन सोरेन द्वितीय और शिव तूरी तृतीय स्थान प्राप्त किया।कबड्डी में सोफिया,सानिया नाउमी और काजल कुमारी ग्रुप ने भाग लिया जिसमें सोफिया ग्रुप ने प्रथम और सानिया ग्रुप द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।वही रस्सी कूद में नाजिमा खातून प्रथम,नैंसी कुमारी द्वितीय और सोनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में काजल कुमारी प्रथम ,फिजा खातून द्वितीय और रेहाना खातून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में माई भारत के स्वयंसेवक चंदन कुमार और कौशर अंसारी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य करेगा : देवेंद्र कुंवर

**दुमका** : स्थानीय परिसदन में भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला की संगठनात्मक बैठक गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई। जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने कहा कि यह अभियान देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भरता के संकल्प से जोड़ने का माध्यम बनेगा। उन्होंने आगामी 12 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी के दुमका आगमन की जानकारी दी और कार्यकताओं से कार्यक्रम की तैयारी में पूर्ण समर्पण से जुटने का आग्रह किया।

बैठक में जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर,आत्मनिर्भर भारत अभियान की प्रदेश टोली के सदस्य परितोष सोरेन तथा दुमका जिला प्रभारी संजीव जजवाड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर उर्फ दिलीप बाबू ने कहा कि ह्लप्रधानमंत्री मोदी जी का विजन देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भाजपा कार्यकताओं की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य करेगा।

इस अवसर पर परितोष सोरेन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ह्यवोकल फॉर लोकल के संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रयास है। यह केवल आर्थिक सशक्तिकरण का नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। दुमका जिला प्रभारी संजीव जजवाड़े ने कहा कि ह्लदुमका जिला भाजपा संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में जनसंपर्क के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए तत्पर है।

# अपर समाहर्ता ने किया ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान

**देवघर** : जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी  नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता  हीरा कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।



इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात अपर समाहर्ता  हीरा कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।



# सामंथा रुथ प्रभु ने की ‘लोका चौप्टर 1‘ की तारीफ

**सिनेमाघरों** में इन दिनों मलयालम फिल्म ‘लोका चौप्टर 1‘ धूम मचा रही है। कई फिल्मी सितारे इसकी तारीफ कर रहे हैं। साउथ की सुपरस्टार सामंथा रुथ प्रभु ने भी फिल्म की तारीफ की है। इस फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन को पहली महिला सुपरहीरो के तौर पर पेश किया गया है।

**कई सितारों ने की तारीफ**

डोमिनिक अरुण के निर्देशन में बनी फिल्म ‘लोका चैप्टर 1‘ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। 28 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म ने अब तक 66 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इससे पहले, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट ने भी इस फिल्म की सराहना की थी।

**सामंथा ने फिल्म की तारीफ की**

सोशल मीडिया पर सामंथा ने खुशी जाहिर करते हुए लिखा ‘फिल्म लोका देखी, वाह!! अच्छा अनुभव था। विजुअल, साउंड और एक्शन हर फ्रेम जीवंत लगा। फिल्म ने मुझे अपनी तरफ खींच लिया। मेरे जेहन में एक चीज बस गई और वो थी हमारी पहली सुपरहीरो कल्याणी प्रियदर्शन। चंद्रा ने मेरे रोंगटे खड़े कर दिए। पूरी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद।

# सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार जीतने के बाद भावुक हुई अनुपर्णा, महिलाओं को अवॉर्ड किया समर्पित

भारतीय फिल्म निर्देश अनुपर्णा रॉय ने देश का परचम लहराया है। वेनिस फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई एकमात्र भारतीय फिल्म- च्सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज’ के लिए अनुपर्णा को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान दिया गहया। क्यों खास है अनुपर्णा की ये उपलब्धि? क्या है फिल्म की कहानी? जानिए सबकुछ।

इटली में आयोजित 82वें वेनिस फिल्म फेस्टिवल में भारत का डंका बजा है। पूरे देश लिए गर्व के इन लम्हों को सहेजने का श्रेय फिल्ममेकर अनुपर्णा रॉय को जाता है। उनकी फिल्म च्सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़’ के लिए उन्हें ओरिज़ोंटी सेक्शन का सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार की घोषणा ओरिज़ोंटी जूरी की अध्यक्ष, फ्रांसीसी फिल्मकार जूलिया ड्यूकुर्नो ने समापन समारोह के दौरान की। भारतीय सिनेमा के लिए यह उपलब्धि महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

**अवॉर्ड जीतने के बाद क्या बोलीं अनुपर्णा रॉय?**

इस खिताब को जीतने के बाद नम आंखों के साथ अनुपर्णा रॉय ने अवॉर्ड उन सभी महिलाओं को समर्पित किया जो अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ या किसी भी मुद्दे पर अपनी आवाज नहीं उठा पाती हैं। अनुपर्णा रॉय ने कहा, ‘यह फिल्म उन हर महिलाओं को समर्पित है, जिनकी आवाज कभी दबा दी गई, जिन्हें नजरअंदाज किया गया या कम आंका गया। मेरी कामना है कि यह जीत और अधिक आवाजों और ज्यादा कहानियों और महिलाओं को सिनेमा ही नहीं बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में और अधिक ताकत देने की प्रेरणा बने।‘

**प्रवासी महिलाओं की जिंदगी पर आधारित है फिल्म**

अनुपर्णा रॉय की इस फिल्म से अनुराग कश्यप भी जुड़े हैं। खास बात ये भी रही कि इस वर्ष के ओरिज़ोंटी सेक्शन में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म- सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़’ ही रही। मुंबई में प्रवासी महिलाओं की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म में आधी आबादी के अकेलेपन, संघर्ष और क्षणिक रिश्तों के बीच जीने का रास्ता तलाशने की जिजिविषा को दिखाया गया है।

## अल्जीरिया ने सोमालिया को हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई



**ओरान (अल्जीरिया) :** अल्जीरिया ने गुरुवार को मिलूद हदेफी स्टेडियम में खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में सोमालिया को 3-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। अल्जीरिया के लिए मोहम्मद अमौरा ने दो गोल दागे, जबकि कप्तान रियाद महरेज ने एक गोल कर टीम की जीत पक्की की। इस जीत के साथ डेजर्ट फॉक्सेस (अल्जीरिया की टीम का उपनाम) ने ग्रुप जी में 9 मैचों से 22 अंकों के साथ शीर्ष स्थान मजबूत किया। टीम ने अब तक सात जीत, एक ड्रॉ और एक हार दर्ज की है। यह अल्जीरिया की फीफा विश्व कप में पांचवीं एंट्री होगी। इससे पहले टीम ने 1982, 1986, 2010 और 2014 में विश्व कप में हिस्सा लिया था। अल्जीरिया 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी अफ्रीकी टीम बन गई है। इससे पहले मोरक्को, ट्यूनिशिया और मिस्त्र ने भी जगह बनाई थी। गौरतलब है कि 2026 फीफा विश्व कप अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

## ‘अयोध्या रामलीला‘ में सीता बनेंगी मिस यूनिवर्स इंडिया मनिका



मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का खिताब अपने नाम करने वाली मनिका विश्वकर्मा ‘अयोध्या रामायण‘ में माता जानकी का रोल अदा करेंगी। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से यह अवसर मिला है। ‘मिस यूनिवर्स इंडिया 2025‘ का खिताब जीतने वाली मनिका विश्वकर्मा आगामी वार्षिक नाट्य समारोह ‘अयोध्या रामलीला‘ में हिस्सा ले रही हैं। इस रामलीला में वे माता सीता की भूमिका निभाती नजर आएंगी। मालूम हो कि ‘अयोध्या रामलीला‘ को दुनिया की सबसे बड़ी रामलीला माना जाता है। यह मौका मिलने पर मनिका बेहद खुश हैं और इसे श्रीराम की कृपा बता रही हैं।

### मनिका ने फैंस से किया अनुरोध

अयोध्या की रामलीला के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें मनिका बोलती दिख रही हैं, ‘जय श्रीराम, मैं अयोध्या की रामलीला में माता सीता का किरदार अदा करने जा रही हूं। यह मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है कि भगवान श्रीराम के आशीर्वाद, बजरंगबली के आशीर्वाद और अयोध्यावासियों के आशीर्वाद से यह किरदार अदा करूंगी। आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि इस वर्ष की अयोध्या की रामलीला में मेरे मां सीता के किरदार को देखना न भूलें‘।

# जॉर्डन कॉक्स और एम्मा लैम्ब को मिला पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर

एजेंसी

**लंदन :** इंग्लैंड के क्रिकेटरों जॉर्डन कॉक्स और एम्मा लैम्ब को इस साल के प्रतिष्ठित प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन (पीसीए) अवॉर्ड्स में क्रमशः पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड टीम में वापसी की थी। कॉक्स को यह अवॉर्ड एक बेहतरीन सीजन के बाद मिला जिसमें उन्होंने एसेक्स के लिए टी20 में शतक लगाया और द हंड्रेड में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने जो रूट, एड बार्नार्ड और डॉम सिबली को पछाड़कर यह अवॉर्ड जीता। कॉक्स ने कहा, मेरे लिए सबसे खास पल आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाना था। इसी वजह से मुझे न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुना गया, और अब मैं टेस्ट टीम में जगह पक्की करना चाहता हूं। दूसरी ओर, एम्मा लैम्ब को महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। वह इस समय कोलंबो में इंग्लैंड की ओर से वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्होंने लंकाशायर की मेट्रो बैंक कप जीत में सबसे ज्यादा रन बनाए और नैट स्किवर-ब्रंट, कैथरीन ब्राइस और जॉर्जिया एल्विस को पीछे छोड़ा। लैम्ब ने कहा, ॖमैं बहुत हैरान थीॖ लेकिन अपने साथियों से यह सम्मान पाना गर्व की बात है। युवा खिलाड़ियों की श्रेणी में पुरुष यंग प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब रेहान अहमद को मिला, जिन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में पांच शतक लगाए और लीसेस्टरशायर को प्रमोशन दिलाने में अहम भूमिका निभाई। महिलाओं में यह अवॉर्ड डाविना पेरीन को मिला, जिन्होंने द हंड्रेड के एलिमिनेटर में 42 गेंदों पर शतक जड़ा। आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन अवॉर्ड पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच को उनके खेल के प्रति योगदान के लिए दिया गया। वहीं, आदिल राशिद और नैट स्किवर-ब्रंट को राडो रिकग्निशन अवॉर्ड से नवाजा गया। ईसीबी का स्पेशल मेरिट अवॉर्ड एंड्रयू फ्लिंटॉफ की बीबीसी सीरीज फील्ड ऑफ ड्रीम्स को मिला। अंपायर ऑफ द ईयर के अवॉर्ड में पुरुष वर्ग में इयान ब्लैकवेल और महिला वर्ग में गाबी ब्राउन को सम्मानित किया गया। पीसीए के मुख्य कार्यकारी डैरिल मिशेल ने कहा, ॖयह क्रिकेट का सबसे प्रतिष्ठित समारोह है, जहां हम उन खिलाड़ियों का सम्मान करते हैं जिन्होंने पूरे सीजन मेहनत की और शानदार प्रदर्शन किया। यह अवॉर्ड्स इंग्लैंड क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है।



**2025 पीसीए अवॉर्ड्स विजेता:**

- ✔ पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयरः जॉर्डन कॉक्स (फाइनलिस्टः एड बार्नार्ड, जो रूट, डॉम सिबली)
- ✔ महिला प्लेयर ऑफ द ईयरः एम्मा लैम्ब (फाइनलिस्टः कैथरीन ब्राइस, जॉर्जिया एल्विस, नैट स्किवर-ब्रंट)
- ✔ पुरुष यंग प्लेयर ऑफ द ईयरः रेहान अहमद (फाइनलिस्टः जेम्स कोल्स, आसा ट्राइब)
- ✔ महिला यंग प्लेयर ऑफ द ईयरः डाविना पेरीन (फाइनलिस्टः एलिसा लिस्टर, एला मैककॉगन)
- ✔ आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन अवॉर्डः ग्राहम गूच
- ✔ राडो रिकग्निशन अवॉर्डः आदिल राशिद, नैट स्किवर-ब्रंट
- ✔ ईसीबी स्पेशल मेरिट अवॉर्डः एंड्रयू फ्लिंटॉफ की फील्ड ऑफ ड्रीम्स

# अभिनेत्री निकिता घाग और उसके साथियों पर फिल्म निर्माता से बंदूक की नोक पर 10 लाख ट्रांसफर कराने का आरोप, FIR दर्ज



**बॉलीवुड** से जुड़े अंधेरी वेस्ट इलाके में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। फिल्म निर्माता कृष्णकुमार वीरसिंह मीणा उर्फ के. कुमार (48) ने आरोप लगाया है कि अभिनेत्री निकिता घाग और उसके सहयोगियों ने उन्हें बंधक बनाकर बंदूक की नोक पर 10 लाख रुपए ज्बरन ट्रांसफर करवाए। इस घटना के बाद अंबोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। फिल्म निर्माता कृष्णकुमार वीरसिंह मीणा उर्फ के. कुमार (48) ने मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त की शाम निकिता घाग 10 से अधिक लोगों के साथ उनके स्टूडियो, चित्रलेखा हेरिटेज पहुंची। उस वक्त कुमार अपने केबिन में कुछ कलाकारों और दोस्तों के साथ बैठे थे। तभी अचानक 10 से 15 लोग अंदर घुसे, गाली-गलौज की और सभी को बाहर निकाल दिया। शिकायतकर्ता प्रोड्यूसर के मुताबिक, इनमें से एक युवक ने खुद को च्दादा’ बताते हुए अपना नाम विवेक जगताप बताया। इसके बाद निकिता और उसके साथियों ने प्रोड्यूसर पर झूठे आरोप लगाते हुए बदनाम करने की धमकी दी और 25 लाख रुपए की मांग की। विरोध करने पर कथित तौर पर मारपीट की गई। इस दौरान एक आरोपी ने चाकू निकाला, जबकि जगताप ने कमर में रखी पिस्तौल दिखाकर डराया। धमकियों और भय के माहौल में प्रोड्यूसर को अपने मोबाइल फोन और ओटीपी वेरिफिकेशन के जरिए 10 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करने पड़े। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उनके कर्मचारी से जबरन एक ईमेल भी लिखवाया, जिसमें इस रकम को निकिता घाग की एक्टिंग फीस का एडवांस बताया गया। प्रोड्यूसर ने कहा कि उन्हें करीब तीन घंटे तक स्टूडियो में बंधक बनाए रखा गया और जाते समय स्टाफ को भी धमकाया गया कि अगर पुलिस में शिकायत की गई तो गंभीर अंजाम भुगतने होंगे।

फिल्म निर्माता की शिकायत पर अंबोली पुलिस स्टेशन ने अभिनेत्री निकिता घाग, विवेक जगताप उर्फ दादा और उनके अन्य 10-15 सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 37(1)(ए), 115(2), 189(2), 190, 191(2)(3), 308(2)(6), 333, 351, आर्म्स एक्ट की धारा 25(3) और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज हुई है।

# ‘मां सीता के लिए कास्टिंग खराब है...

## ‘यूजर्स के निशाने पर आईं साई पल्लवी



साउथ की फेमस एक्ट्रेस साई पल्लवी हाल ही में एक अवॉर्ड शो में नजर आईं। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कुछ उनकी सादगी की तारीफ कर रहे हैं तो किसी को ‘रामायणम्‘ में माता सीता के लिए उनकी कास्टिंग पसंद नहीं आ रही है। उनके वीडियो पर सभी के मिले-जुले रिएक्शन आ रहे हैं। साई पल्लवी के वायरल वीडियो पर यूजर्स ने खूब रिएक्ट किया है। एक ने कहा, ‘पुरानी रामायण बेस्ट है।‘ दूसरे ने कहा, ‘मां सीता के लिए इससे बुरा कोई विकल्प नहीं हो सकता।‘ अन्य ने कहा, ‘मां सीता के लिए बेजान चेहरा अच्छी पसंद नहीं है! कास्टिंग बहुत खराब है।‘ हालांकि, साई पल्लवी के फैंस उनके सपोर्ट में हैं। उनका कहना है कि वो बहुत प्यारी दिख रही हैं और ‘रामायण‘ में मां सीता के रोल के लिए परफेक्ट हैं।

### ‘रामायण‘ की लंबी चौड़ी कास्ट

फिल्म के बारे में बता दें कि इसका डायरेक्शन नितेश तिवारी कर रहे हैं और स्क्रिप्ट श्रीधर राघवन ने लिखा है। फिल्म में रणबीर कपूर राम के किरदार में हैं। इनके अलावा यश, रवि दुबे, सनी देओल, अमिताभ बच्चन, अरुण गोविल, लारा दत्ता, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, कुणाल कपूर, शीबा चड्ढा, इंदिरा कृष्णन और शोभना हैं। इस फिल्म का बजट भारी-भरकम है। इसे 4 हजार करोड़ से 4500 करोड़ रुपये में बनाया जा रहा है। ये दो पार्ट में रिलीज होगी।



# ईशा गुप्ता ने पूरी की धमाल 4 की शूटिंग, कहा -


## प्योर एंटरटेनमेंट और अविस्मरणीय एनर्जी से भरा अनुभव

बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस और बहुमुखी अभिनेत्रियों में से एक, ईशा गुप्ता अब अपनी कॉमिक टाइमिंग और दमदार स्क्रीन प्रेज़ेन्स से दिल जीतने के लिए तैयार हैं धमाल 4 में। अजय देवगन और पूरी एनसेंबल कास्ट के साथ बड़े पैमाने पर शूटिंग करने के बाद, अभिनेत्री ने अब अपनी शूटिंग पूरी कर ली है और निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इंद्र कुमार की इस बहुप्रतीक्षित कॉमेडी एक्स्ट्रावैगेंज़ा का रैप-अप घोषित कर दिया है। ईशा के लिए धमाल 4 अजय देवगन के साथ उनकी तीसरी फिल्म है, बादशाहो और टोटल धमाल के बाद। पिछले महीने अजय और ईशा को माध आइलैंड में महत्वपूर्ण सीक्वेंसेज़ शूट करते हुए देखा गया था, जहां उनके साथ रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, रवि किशन, संजय मिश्रा और अन्य कलाकार भी शामिल थे। रैप-अप के मौके पर ईशा ने कहा धमाल जैसी दर्शकों की पसंदीदा फ्रेंचाइज़ का हिस्सा बनना मेरे लिए एकदम खुशी की बात है। इंद्र सर, अजय और पूरी टीम के साथ काम करना, टोटल धमाल के बाद एक बार फिर, अविस्मरणीय अनुभव रहा। अजय एक पावरहाउस टैलेंट हैं, और सेट पर उनकी सहजता और एनर्जी सबको और बेहतर बना देती है। सेट का माहौल हमेशा मजेदार, हंसी-खुशी और पॉज़िटिविटी से भरा रहा। मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं कि दर्शक वो पागलपन और मस्ती देखें जो हमने क्रिएट की है। शूट खत्म करना मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि ये फिल्म सच में प्योर एंटरटेनमेंट है और इसका हिस्सा बनकर मैं बेहद उत्साहित हूं। अपनी स्ट्राइकिंग ब्यूटी, मैग्नेटिक स्क्रीन प्रेज़ेन्स और नैचुरल परफ़ॉर्मेंस के लिए मशहूर ईशा अब एक बार फिर धमाल यूनिवर्स पर राज करने के लिए तैयार हैं। इस प्रिय फ्रेंचाइज़ में उनकी वापसी फिल्म में नया तड़का लगाएगी—ग्लैमर, स्टाइल और चार्म से भरी हुई। दर्शकों को उनकी टोटल धमाल की एंट्री आज भी याद है, जहां उन्होंने अपनी स्टाइल और बुद्धिमत्ता से सबको प्रभावित किया था। अब धमाल 4 में वे और भी बड़े, बोल्ड और महत्वपूर्ण रोल में लौट रही हैं, जो फिल्म के कॉमेडी और कैओस में चमक और गहराई दोनों जोड़ेगा। हाल ही में हनी सिंह के साथ ब्राउन आइज़ वाली और जुबिन नौटियाल के साथ इश्क मेरा जैसी हिट्स देने के बाद, ईशा अपनी विनिंग स्ट्रीक जारी रखने के लिए तैयार हैं—अपना सिग्नेचर चार्म, बेदाग़ स्टाइल और अजय देवगन के साथ गजब की केमिस्ट्री लेकर एक बार फिर फ्रेंचाइज़ को रोशन करने के लिए।

# अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में सुहागिन महिलाओं ने कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि करवा चौथ पर शुक्रवार को अखंड सौभाग्य के लिए निर्जला व्रत रखा है। शाम को मां गौरी के साथ भगवान गणेशजी की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगी। इसके बाद चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद चलनी से पतिदेव का दर्शन कर पानी पीकर व्रत का समापन करेंगी। शहर में कई स्थानों पर और सामाजिक संस्थाओं में करवाचौथ का भी आयोजन किया गया है। इसके पहले भोर में व्रती महिलाओं ने सरगी निगल कर व्रत की शुरूआत की। घरों में एक दिन पहले ही साफ-सफाई के साथ पूजन सामग्री, फल, नये वस्त्र रंग बिरंगी चटक सुर्ख रंग की डिजाइनदार साड़ियां व सलवार सूट की खरीददारी की गई। महिलाओं ने घर में महावर रचाया तो कुछ ने ब्यूटी पार्लरों का भी सहारा लिया। जगतगंज की नवविवाहिता कंचन श्रीवास्तव, संगीता चौबे ने बताया





कि सासू मां की देखरेख में त्यौहार पर व्रत रखा है। उनके देखरेख में पूजा अर्चना और अन्य रस्मों को शाम को सम्पन्न करना है। व्रत रखने पर असीम शांति की अनुभूति हो रही है। व्रत में पति और अन्य परिजनों ने भी सहयोग किया। जगतगंज की ही आभा पांडेय, गीता अस्थाना ने बताया कि अखंड सुहाग की कामना को लेकर व्रत रखा है। पूरे दिन निर्जला व्रत रहने के बाद शाम को चन्द्रदेव को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करना है। बताया कि पिछले 10-12 सालों से करवा चौथ का व्रत रख रही है। गौरतलब हो हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष के चतुर्थी तिथि को करवा चौथ मनाया जाता है। इस बार कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 09 अक्टूबर को देर रात 10 बजकर 54 मिनट पर शुरू हो गई। उदया तिथि के मान के चलते शुक्रवार को पर्व मनाया जा रहा है। पर्व पर सुहागन स्त्रियां अपनी पति की लंबी आयु के लिए पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। निर्जला उपवास कर अपने पति की लंबी उम्र के लिए कामना करती है। शाम को 16 श्रृंगार रचाकर व्रती महिलाएं मां गौरी पार्वती, भगवान शंकर, गणेश व कार्तिकेय को पुष्प, अक्षत, दीप आदि अर्पित करके करवा चौथ कथा का पाठ करती है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को करने से पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं।

# मप्र: मुख्यमंत्री आज उज्जैन प्रवास पर, करोड़ों के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन

एजेंसी

**उज्जैन :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हेल में 19.02 करोड़ रुपये की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 131.06 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। जनसम्पर्क अधिकारी अरुण कुमार राठौर ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. इंदर सिंह परमार करेंगे। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर, विधायक सतीश मालवीय, अन्य विधायक और ग्रामीण अध्यक्ष राजेश धाकड सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 4.34 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित शासकीय महाविद्यालय झारडा के भवन, 1.47 करोड़ रुपये की लागत से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुंडीखेड़ा के भवन, 1.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित शासकीय कन्या हाई स्कूल महिदपुर के भवन, 1.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मत शासकीय कन्या हाई स्कूल सेमलिया के भवन, 0.274 करोड़ रुपये की लागत के नवीन 33/11 विद्युत उपकेंद्र करनावाद और 10 करोड रुपये की लागत से निर्मित आईटीआई तराना में 06 ट्रेड का भवन, 60 सीटर बालक छात्रावास, 01 एफ टाईप ,02 एच टाईप एवं 04 आई टाईप आवासीय गृहों का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही उनके द्वारा 127.63 करोड़ रुपये की लागत से इंगोरिया उन्हेल मार्ग, एस एच-65, 2 लेन विथ पेव्हड शोल्डर निर्माण लंबाई 23.71 कि.मी., 1.26 करोड़ रुपये की लागत से विशेष निधि के अंतर्गत नवीन नगर परिषद कार्यालय भवन निर्माण कार्य और 2.17 करोड रुपये की लागत से चिड़ी से रावदिया मार्ग का भूमि पूजन किया जाएगा।



## मुख्यमंत्री साय 12 से 14 अक्टूबर तक महानदी भवन में प्रदेश के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे

**रायपुर :** राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 12 से 14 अक्टूबर तक महानदी भवन में प्रदेश के अधिकारियों से चर्चा करेंगे और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक की शुरूआत 12 अक्टूबर को कलेक्टर कॉन्फ्रेंस से होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री साय विकास योजनाओं का फीडबैक लेंगे। साथ ही जिलों में आयोजित रजत जयंती समारोहों की जानकारी भी प्राप्त करेंगे। इस बैठक में हाल ही में पदभार संभालने वाले नए मुख्य सचिव विकास शील गुप्ता पहली बार शामिल होंगे। 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेंगे। इस बैठक में राज्य की कानून व्यवस्था की समीक्षा होगी। उसी दिन मुख्यमंत्री कलेक्टर और डीएफओ के साथ वन और पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा करेंगे। आदिवासी समुदायों से संबंधित योजनाओं की भी समीक्षा इस दौरान की जाएगी ।बैठक का अंतिम दिन 14 अक्टूबर गुड गवर्नेंस समिट के नाम रहेगा। इसमें सुशासन से जुड़े मुद्दों और योजनाओं पर मंथन होगा।

## छत्तीसगढ़ के 1.59 लाख पात्र माताओं-बहनों को मिलेगा उज्ज्वला योजना का लाभ







एजेंसी

**रायपुर:** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत देशभर में 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में ह्लसुशासन तिहारह्व और ह्लनियद नेल्ला नार योजनाह्व के अंतर्गत 1.59 लाख पात्र माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना का लाभ प्राप्त होगा। यह निर्णय छत्तीसगढ़ की लाखों माताओं-बहनों के जीवन में स्वच्छ ऊर्जा और स्वास्थ्य का उजाला लेकर आएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो उजाला फैलाया है, वह आने वाले वर्षों में पूरे समाज के विकास का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री साय ने गुरुवार की देर शाम कहा कि छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति हमेशा से परिवार और समाज की धुरी रही है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से उन्हें वह सम्मान मिला है जिसकी वे हकदार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रत्येक पात्र बहन तक इस योजना का लाभ पहुँचाने के लिए कटिबद्ध है। भारत सरकार के इस निर्णय से छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जीवन की गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों की महिलाएं अब प्रदूषण रहित वातावरण में जीवन जी सकेंगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग 38 लाख महिलाएं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ प्राप्त कर रही हैं।

## मध्य प्रदेश में लुढ़का पारा, रातें होने लगी ठंडी राजगढ़ जिले में 16 डिग्री से नीचे आया तापमान



एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में बारिश का दौर लगभग खत्म हो गया है। प्रदेश में कई हिस्सों के तापमान में गिरावट आई है। हवाओं में हल्की ठंड देखने को मिल रही है। अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में ही प्रदेश के कई शहरों में रातें ठंडी हो गई। राजगढ़ जिला सबसे ठंडा है। यहां पारा 16 डिग्री से नीचे है। राजधानी भोपाल में पारा 18 डिग्री के आसपास है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तरी हवा की वजह से ऐसा मौसम है। आम तौर पर तीसरे-चौथे सप्ताह में पारा लुढ़कने लगता है। वहीं, अगले 4 दिन तक कहीं भी तेज बारिश का अलर्ट नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, 14 अक्टूबर को कहीं-कहीं बारिश होने के आसार है। शुक्रवार को पूर्वी हिस्से के तीन जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। 11, 12 और 13 अक्टूबर को वेदर ड्राई रहेगा। यानी, कहीं भी बारिश होने का अलर्ट नहीं है। प्रदेश के 12 जिलों ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर और रतलाम से मानसून पूरी तरह से विदा हो चुका है, जबकि राजगढ़ और अशोकनगर के कुछ हिस्से से लौटा है। अभी प्रदेश में बारिश होने का कोई सिस्टम एक्टिव नहीं है। इन वजहों से पूरे प्रदेश से मानसून के लौटने की परिस्थितियां अनुकूल हुई है। 10-11 अक्टूबर से मानसून कुछ जिलों से लौट सकता है। बता दें कि गुरुवार को भी प्रदेश में बारिश नहीं हुई। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत अधिकांश शहरों में दिन में धूप खिली रही। भोपाल में ठंडी हवा भी चलती रही। प्रदेश में दिन में कई शहरों में पारा 30 डिग्री के नीचे आ गया है। गुरुवार को पचमढ़ी में पारा 25.4 डिग्री रहा। बैतूल में पारा 27.7 डिग्री, दतिया में 29.7 डिग्री, श्योपुर में 29.4 डिग्री, शिवपुरी-सीधी में 29 डिग्री, छिंदवाड़ा में 29.6 डिग्री, नौगांव में 29.8 डिग्री, उमरिया में 29.5 डिग्री और मलाजखंड में पारा 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## शुभेंदु अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से ममता बनर्जी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार रात चुनाव आयोग से राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल पर श्नर्लज्ज हमलाश्र किया है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास है। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने यह बयान किसी राजनीतिक रैली में नहीं, बल्कि राज्य सचिवालय नवान्न में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, मुख्य सचिव की उपस्थिति में दिया। उन्होंने सीईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए ह्लमैं आशा करती हूं कि वे अधिक प्रतिक्रिया न दें या आक्रामक न होंह्व जैसी टिप्पणियां कीं, जो अनुसार एक संवैधानिक पदाधिकारी को डराने-धमकाने का प्रयास है। शुभेंदु अधिकारी ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर लिखा, ह्लमुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ खुले तौर पर लगाए गए आरोप और अप्रत्यक्ष धमकियां न केवल असंवैधानिक हैं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रणाली की पवित्रता पर सीधा प्रहार हैं। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका नहीं है जब मुख्यमंत्री ने चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को धमकाया हो। 28 जुलाई 2025 को बीरभूम जिले के बोलपुर में आयोजित एक प्रशासनिक बैठक के दौरान भी ममता बनर्जी ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को यह चेतावनी दी थी।

## उत्तर बंगाल के बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित इलाके में मौतों का सिलसिला थमा, हालात सामान्य होने की ओर

एजेंसी

**कोलकाता :** उत्तर बंगाल के बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित पर्वतीय क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान हालात में सुधार है। इस अवधि में किसी की मौत की सूचना नहीं आई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और दार्जिलिंग व जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार गुरुवार सुबह तक मृतकों की कुल संख्या 39 थी, जो शुक्रवार सुबह तक अपरिवर्तित रही। बीते 24 घंटों में आवश्यक बुनियादी ढांचे को बहाल करने का कार्य तेजी से आगे बढ़ा है। पर्वतीय सड़कों की मरम्मत होने से आवागमन में सुधार हुआ है। हालांकि पूर्ण रूप से नहीं, परंतु अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी आंशिक रूप से बहाल कर दी गई है। फिर भी, यह स्पष्ट नहीं है कि





पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में सामान्य शैक्षणिक गतिविधियां कब शुरू होंगी, क्योंकि बाढ़ और भूस्खलन के कारण अधिकांश शिक्षण संस्थानों को भारी क्षति पहुँची है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और कर्सियांग की कुल 18 विद्यालय पूर्ण या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 13 अक्टूबर को एक बार फिर उत्तर बंगाल के दौरे पर जाएंगी। इस बार उनका कार्यक्रम केवल पहाड़ी क्षेत्रों तक सीमित रहेगा। इससे पहले सप्ताह की शुरूआत में उन्होंने उत्तर बंगाल के मैदान क्षेत्रों का दौरा किया था।

राज्य संपत्ति को हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन 10.62 करोड़ रुपये लगाया गया है। हालांकि यह अस्थायी आंकड़ा है और दार्जिलिंग व कालिम्पोंग जिलों में सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान का अंतिम आंकड़ा कुछ समय बाद ही प्राप्त हो सकेगा। जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों (तेराई व डुआर्स क्षेत्र) में हुए नुकसान का आकलन अभी जारी है।

## करवा चौथ पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं, कहा—यह पर्व जीवन में प्रेम और सौहार्द लाए

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने करवा चौथ (करक चतुर्थी) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पावन पर्व जीवन में प्रेम, आस्था और पारिवारिक सौहार्द को नई दृढ़ता और ऊर्जा प्रदान करे। उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान शिव और माता पार्वती के समान अटूट व दिव्य एकत्व की भावना सभी के जीवन में स्थायित्व और समृद्धि का संचार करे।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में आमतौर पर गिरावट का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिलाजुला कारोबार होता रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार मुनाफा वसूली होती रही, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.28 प्रतिशत टूट कर 6,735.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक



ने 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,024.63 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,412.71 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 9,509.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,041.36 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके विपरीत डीएएक्स इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,611.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजार में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर, दो सूचकांकों में मजबूती नजर आ रही है। ताइवान के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने के कारण ताइवान वेटेड इंडेक्स में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। एशियाई बाजारों में गिफ्ट निफ्टी 94 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,354 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 1.46 प्रतिशत की बड़ी छलांग लगा कर 3,600.93 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 515.44 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 48,065 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 305.59 अंक यानी 1.14 प्रतिशत टूट कर 26,447 अंक के स्तर तक गिर गया है। सेट कंपोजिट इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल ये सूचकांक 2.04 प्रतिशत लुढ़क कर 1,287.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,913.80 के स्तर पर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,435.56 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.10 प्रतिशत लुढ़क कर 8,242.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मानसिक तनाव के चलते 20 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

**गौतम बुद्ध नगर :** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में रहने वाले एक 20 वर्षीय युवक ने मानसिक तनाव के चलते बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि अनु सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह उम्र 20 वर्ष मूल निवासी मध्य प्रदेश हाल निवासी ग्राम बहलोलपुर संजय यादव के मकान ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि मृतक ने कोई सुसाइड नोट नहीं लिखा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारण का पता लग रही है।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए खुला

**जम्मू :** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग शुक्रवार को यातायात के लिए खुला है। हालांकि छोटे व बड़े वाहनों के लिए राजमार्ग एकतरफा ही खोला गया है। जानकारी के अनुसार आज छोटे वाहनों को केवल श्रीनगर से जम्मू की ओर रवाना किया जा रहा है। छोटे वाहनों को सुबह 7:00 से 10:00 बजे तक जाने की इजाजत दी गई है जबकि बड़े वाहनों को जम्मू से श्रीनगर की ओर छोटे वाहनों के बाद रवाना किया जा रहा है। यह निर्णय एहतियात के तौर पर लिया गया है क्योंकि मार्ग अभी भी कुछ हिस्सों से क्षतिग्रस्त है। राजमार्ग को पूरी तरहं से बहाल करने में अभी कुछ दिनों का समय लग सकता है। इसी बीच एसएसजी रोड तथा मुगल रोड वाहनों की आवाजाही के लिए खुले हैं। मुगल रोड पर छोटे वाहनों को मार्ग के दोनों तरफ से रवाना किया जा रहा है जबकि भारी वाहनों को आज शोपियां से पुंछ की ओर रवाना किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ में रेत खदानों की आज से शुरू होगी ई-नीलामी की प्रक्रिया

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में आज से रेत घाटों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पहले चरण में 150 रेत घाटों की नीलामी होगी। इसके तहत जिलेवार एनआईटी (नोटिस इन्वाइट टेंडर) जारी किया जाएगा। गुरुवार को नवा रायपुर स्थित सत्य साईं हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में खनिज विभाग के अधिकारियों और बोलीकताओं को एमएसटीसी के अधिकारियों ने रेत घाटों की ई-नीलामी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया और आवश्यक जानकारियां दी गई। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने रेत घाटों की नीलामी को लेकर एमएसटीसी के साथ एक समझौता किया है। जो खनिज विभाग को नीलामी प्रक्रिया के दौरान तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। खनिज विभाग के ओएसडी महेश बाबू ने बताया है कि शीघ्र ही प्रदेश भर में 150 रेत खदानों के लिए निविदा आमंत्रण सूचना जारी कर दी जाएगी। इच्छुक बोलीकताओं को एमएसटीसी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रूप से करना होगा, तभी वे नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण में नीलामी के नियम और शर्तें, बोली लगाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई है। एनजीटी के नियमों के तहत 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत घाटों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। 15 अक्टूबर से रेत घाट नई व्यवस्था के साथ शुरू होंगे।

### फरियाद से समाधान तक नोएडा पुलिस पूरे प्रदेश में अव्वल

**गौतम बुद्ध नगर :** आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में सितंबर महीने में कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। सितंबर महीने की रैंकिंग में इस बार जिले के सभी 27 थानों की रैंकिंग पहली रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से सितंबर माह की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गई है। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने बताया कि आईजीआरएस एक ऑनलाइन पोर्टल है। इसे सरकार की तरफ से आम नागरिकों की शिकायतो व समस्याओं के समाधान के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायती पत्रों की त्वरित व गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है। इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को न्याय और समस्याओं के समाधान के लिए एक आसान और प्रभावी माध्यम प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के तहत गौतम बुद्ध नगर का सितंबर महीने में प्रथम रैंक आना एक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध नगर के सभी थाने प्रथम रहे हैं। उन्होने बताया कि गौतम बुद्ध नगर पुलिस जनता की शिकायतों का तुरंत निराकरण करने के लिए कृत संकल्प है।

### आयुर्वेद के लाइसेंस पर एलोपैथिक उपचार, किशोर की मौत के बाद अस्पताल सील

**गौतम बुद्ध नगर :** थाना जारचा के प्यावली गांव में स्थित एक अस्पताल मे इलाज के दौरान एक किशोर की हुई मौत के मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की जांच में अनियमितता मिलने पर गांव के निजी अस्पताल को सील कर दिया गया है। अस्पताल के पास आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाइसेंस था, जबकि वहां पर एलोपैथिक उपचार चल रहा था। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को नोटिस जारी कर 3 दिन के अंदर जवाब मांगा है। जनपद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्यावली गांव के रहने वाले नरेंद्र कुमार में स्वास्थ्य विभाग को शिकायत दी थी कि उनका भतीजा रजत भाटी 4 अक्टूबर को गांव के एक निजी अस्पताल में इलाज कराने गया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे रजत की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि नोडल अधिकारी डॉ रविंद्र कुमार ने इस मामले की जांच की तथा अनियमित पाए जाने पर अस्पताल को बृहस्पतिवार को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया। अस्पताल प्रबंधन को 3 दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि जवाब अगर संतोषजनक नहीं मिला तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि डॉ रविंद्र कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्य टीम ने मौके पर जाकर देखा तो पाया कि अस्पताल के पास केवल आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाइसेंस है, लेकिन वहां एलोपैथिक दवाएं, एक्स-रे मशीन और हड्डी जोड़ने के उपकरण मौजूद थे।

### एसएसबी ने तस्करी के 661 बोतल नेपाली शराब किया जब्त

**अररिया :** एसएसबी 56 वीं बटालियन की बाह्य सीमा चौकी ए समवाय फुलकाहा की विशेष नाका टीम ने मानिकपुर गांव से गुरुवार की शाम 661 बोतल नेपाली शराब बरामद किया। बरामद शराब विभिन्न ब्रांडों के हैं, जिसे तस्करी कर नेपाल से भारत लाया गया था। एसएसबी ने यह कार्रवाई भारत नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 188/3 के नजदीक भारत साइड में बॉर्डर से करीबन डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर की। तस्कर दो मोटरसाइकिल पर शराब को लोडकर नेपाल से भारत की ओर ला रहा था। इसी क्रम में विशेष नाका गश्ती टीम के द्वारा इसे जब्त किया गया। तस्करी मोटरसाइकिल छोड़कर भाग निकले। एसएसबी ने दो मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। बरामद शराब और जब्त किए गए मोटरसाइकिल एसएसबी ने फुलकाहा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### खाद की किल्लत से भड़के किसान, सचिव को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, वीडियो वायरल

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में डीएपी खाद की भारी किल्लत के चलते किसानों का गुस्सा अब फूट पड़ा है। बिधूना तहसील क्षेत्र की बैसौली समिति पर गुरुवार को खाद वितरण के दौरान हंगामा हो गया। खाद न मिलने से नाराज किसानों ने समिति सचिव कृष्ण कुमार को दौड़ा-दौड़ाकर पीट दिया। इस दौरान वहां अफरातफरी मच गई और सचिव किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें किसान सचिव को दौड़ाते और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि सैकड़ों किसान सुबह से लाइन में लगे थे, लेकिन केंद्र पर केवल 300 बोरी डीएपी खाद ही उपलब्ध थी। कई घंटे इंतजार के बाद जब अधिकांश किसानों को खाद नहीं मिली तो उनमें आक्रोश फैल गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक सचिव भाग चुके थे। घटना के बाद समिति पर खाद वितरण रोक दिया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। शुक्रवार की सुबह बिधूना क्षेत्राधिकारी पुनीत मिश्रा ने बताया कि सचिव की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। तीन किसानों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जनपद के किसानों का कहना है कि जिले में लगातार खाद की कमी बनी हुई है, जिससे बुवाई का समय निकलता जा रहा है।

न्यूज IN ब्रीफ

## सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने किया तीन परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने गुरुवार को तीन प्रमुख परीक्षाओं के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय द्वारा जिन परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित किया गया है, उनमें स्नातक (यूजी) सेमेस्टर-(पुराना पाठ्यक्रम), बीबीए/बीसीए सेमेस्टर-श तथा एम.एड. सेमेस्टर-क्कक्क की परीक्षाएं शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्नातक (यूजी) सेमेस्टर-(पुराना पाठ्यक्रम) की परीक्षा 4 नवंबर से 14 नवंबर तक दोनों पालियों (शिफ्टों) में आयोजित की जाएगी। वहीं, बीबीए/बीसीए सेमेस्टर-श की परीक्षा 4 नवंबर से 10 नवंबर तक द्वितीय पाली में होगी। इसी प्रकार, एम.एड. सेमेस्टर-क्कक्क की परीक्षा भी 4 नवंबर से 10 नवंबर2025 तक द्वितीय पाली में ही आयोजित की जाएगी। एम.एड. परीक्षा का परीक्षा केंद्र देवघर स्थित आर.डी.बी.एम. कॉलेज को बनाया गया है। तीनों परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर के निर्देशन में परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि यूजी सेमेस्टर-क्श की परीक्षा में सीबीसीएस (उइउर) के तहत नामांकित पुराने पाठ्यक्रम के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## वित्तीय सेवा शिविर का आयोजन 31 तक

**दुमका :** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार की अवधि 31 अक्तूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। इस अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कैंप आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को बैंकिंग, बीमा, पेंशन जैसी सभी वित्तीय सेवाओं की पहुंच उपलब्ध करायी जा रही है।ब्लॉकवार व ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न तिथियों को अलग-अलग बैंकों द्वारा कैंप लगाया जाएगा, जिससे पात्र लाभार्थियों को समुचित वित्तीय सेवाएं दी जा सकेंगी। अभियान के दौरान पात्र नागरिक अपने नजदीकी कैंप स्थल पर जरूरी दस्तावेजों के साथ पहुंचकर बैंकिंग, बीमा, पेंशन आदि सेवाओं का लाभ लें।जनसम्पर्क कार्यालय, दुमका एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान के सफल आयोजन, प्रचार-प्रसार एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।जिला प्रशासन दुमका सभी ग्रामवासियों से अपील करता है कि अपने क्षेत्र में निर्धारित तिथि को आयोजित बैंक/वित्तीय सेवा कैंप में अवश्य भाग लें एवं योजनाओं का लाभ उठाएँ। अधिक जानकारी हेतु जनसम्पर्क कार्यालय, दुमका या संबंधित बैंक/प्रखंड कार्यालय से संपर्क करें।

## बड़ा रेलवे फुट ओवरब्रिज से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**साहिबगंज/बरहरवा :** राजकीय रेलवे पुलिस बरहरवा ने दिनांक 9/10/25 दिन गुरुवार को बरहरवा स्टेशन के बड़ा फुट ओवरब्रिज के ऊपर से एक 50 वर्षीय अज्ञात शव को बरामद किया। पुलिस द्वारा आस-पास के लोगों से पुछताछ करने पर भी उसकी पहचान नहीं हो सकी।इस बाबत बरहरवा रेल थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद ने बताया कि फुट ओवरब्रिज से एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है।जिसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु राजमहल अस्पताल भेजा गया है।वहीं उक्त शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे शीतगृह में रखा जाएगा।आगे उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मृत व्यक्ति देखने में कूड़ा करकट चुनने वाला प्रतित होता है।इस मौके पर एएसआई अरुण कुमार सिंह, आरक्षी गौरी शंकर पासवान के अलावा अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## टाटा-यशवंतपुर एक्सप्रेस में पेंट्री कार की सुविधा शुरू

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने ट्रेन संख्या 18111 (टाटानगर-यशवंतपुर एक्सप्रेस) और ट्रेन संख्या 18112 (यशवंतपुर-टाटानगर एक्सप्रेस) में पेंट्री कार सेवा प्रारंभ की है. इस बारे में क्षेत्रीय रेलवे उपभोक्ता परामर्शदातृ समिति (जेडआरयूसीसी) कोलकाता के सदस्य अरुण जोशी ने कहा कि पिछले दो बैठकों में यह मांग प्रमुखता से उठायी गयी थी. उन्होंने कहा कि पेंट्री कार सेवा से लंबी दूरी की यात्रा करने वालों को अब भोजन एवं पेयजल की समुचित सुविधा ट्रेन में ही उपलब्ध हो सकेगी.

## टाटानगर स्टेशन पर जीएम कल करेंगे अमृत संवाद

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व जोन के रेल महा प्रबंधक शनिवार को टाटानगर स्टेशन का निरीक्षण करेंगे और प्रधानमंत्री की योजना के अनुसार अमृत संवाद का आयोजन बमामाईंस गेट पर होगा। इधर, रेल जीएम आगमन के मद्देनजर टाटानगर स्टेशन को फूलों के गमले से सजाया जा रहा है। दूसरी ओर, स्टेशन के प्लेटफार्म की सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ विभिन्न विभागों के कार्यालय से कबाड़ को भी हटाया जा रहा है। मालूम हो कि, रेल जीएम के आने पर चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम समेत अन्य अधिकारी भी अमृत संवाद और निरीक्षण में शामिल होंगे ताकि रेल जीएम को थर्ड लाइन के काम समेत स्टेशन विस्तारीकरण कार्य को शुरू करने की योजना से अवगत करा सके।

## कतरास के युवकों ने विदेश भेजने के नाम पर तीन सौ लोगों से की तीन करोड़ की ठगी

**धनबाद :** फर्जी वीजा और टिकट देकर विदेश भेजने के नाम पर कतरास के युवकों ने बिहार में लगभग तीन सौ लोगों से तीन करोड़ रुपए की ठगी कर ली। यह खुलासा तब हुआ, जब 29 भुक्तभोगियों को एक साथ फर्जी वीजा व टिकट देकर देश के अलग-अलग राज्यों के एरयपोर्ट पर भेज दिया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की जांच में ठगी के रैकेट का खुलासा हुआ। दरअसल कतरास भटमुरना के रहनेवाले अभिषेक कुमार, रंजीत कुमार शर्मा, संदीप कुमार, विनय शर्मा और मो. अरमान मुजफ्फरपुर के बैरिया में इंपीरियल इंटरप्राइजेज के नाम से ऑफिस खोलकर प्लेसमेंट एजेंसी चला रहे थे। इस दौरान विदेश में नौकरी दिलाने की बात कहकर लगभग तीन सौ लोगों को अपने झांसे में ले लिया।

युवकों ने बताया कि प्रति व्यक्ति डेढ़ से दो लाख रुपये तक की वसूली की गई है। एयरपोर्ट से पहुंचे वापस तो बंद मिला दफ्तर 29 पीड़ित युवक तब एक साथ ठगी की शिकायत लेकर मुजफ्फरपुर के बैरिया में उक्त मॉल के पास पहुंचे तो पाया कि आरोपियों के दफ्तर (इंपीरियल इंटरप्राइजेज) में ताला लटका है। युवकों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर स्थानिय पुलिस पहुंची और सभी का बयान लिया। बेरोजगार युवकों ने बताया कि उन्हें पश्चिमी अफ्रीका के बेनिन देश का फर्जी वीजा और टिकट देकर मुंबई एयरपोर्ट भेजा गया था। वहीं, कई युवकों को अमेरिका व यूरोप के अलग-अलग देशों का फर्जी वीजा दिया गया था। एयरपोर्ट पर जांच के बाद वीजा फर्जी निकला तो सभी लौट आए। युवकों के आवेदन के आधार पर अहियापुर थाने में विदेश भेजने वाले रैकेट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। सभी आरोपितों का मोबाइल नंबर भी पीड़ितों ने पुलिस को दिया है। जिन बैंक खातों में रुपए लिए गए, उसका ब्योरा भी पुलिस को मुहैया कराया गया है। प्लंबर, ड्राइवर, फीटर, बिजली मिस्त्री आदि का दिया था वीजा अहियापुर थाने में कथैया के परोहा निवासी ओपिन कुमार के आवेदन पर एफआईआर दर्ज की गई है। ह्ल

# लातेहार में जंगली हाथियों का उत्पात, खेतों में लगी फसलों को रौंदा और कई घरों को किया ध्वस्त



संवाददाता

**लातेहार :** जिले के विभिन्न प्रखंडों में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक चरम पर है. जिले के बालूमाथ वन क्षेत्र में जंगली हाथियों ने किसानों को काफी नुकसान पहुंचाया है. गुरुवार की रात जंगली हाथियों का झुंड बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा गांव पहुंच गया. इस दौरान हाथियों ने लगभग एक दर्जन किसानों के खेतों में लगी फसलों को रौंद डाला. साथ ही एक किसान के बैल को भी कुचलकर मार डाला. हाथियों ने एक ग्रामीण के मुर्गी फार्म को भी तोड़ दिया. पिछले कई दिनों से लगातार हाथियों के आतंक से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है. हालांकि वन विभाग के पदाधिकारियों का कहना है कि विभाग के द्वारा हाथियों को सुरक्षित जंगल में भगाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है.

**नगड़ा गांव में हाथियों का उत्पात**

दरअसल, गुरुवार की रात बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत नगड़ा गांव में लगभग 15 से 16 की संख्या में हाथियों का झुंड पहुंचा था. हाथियों ने सबसे पहले गांव के हरिश्चंद्र साव, गोवर्धन साव, बाला साव, चौधरी साव, मनोज प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, प्रेम प्रसाद, हेमंत प्रसाद आदि के खेतों में लगी धान की फसल को नष्ट किया. साथ ही खेतों में लगी सब्जियों को भी पूरी तरह रौंद डाला. इस दौरान हाथियों ने जलेश्वर साहू के मुर्गी फार्म को भी तोड़ दिया. जबकि प्रयाग साहू के बैल को मार डाला. इधर, हाथियों के आने के बाद ग्रामीण भयभीत हो गए और रात भर हाथियों को गांव से भागने के लिए प्रयास करते रहे. इस संबंध में ग्रामीण हेमंत साव, हरिश्चंद्र साहू आदि ने बताया कि लगभग 14 से 15 की संख्या में जंगली हाथी पिछले कई दिनों से गांव में प्रवेश कर नुकसान पहुंचा रहे हैं. बीती रात तो हाथियों ने कई एकड़ में लगी फसलों को बर्बाद कर दिया है. जबकि एक ग्रामीण के मुर्गी फार्म और एक बैल को भी मार डाला.

हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के अलावे अन्य इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है. पिछले 6 माह की बात करें तो जंगली हाथियों ने 60 से अधिक ग्रामीणों को बेघर कर दिया है. वहीं कुछ ग्रामीणों की जान भी ले ली है. यहां महत्वपूर्ण बात किया है कि वर्तमान में जिस इलाके में हाथियों के द्वारा आतंक मचाया जा रहा है, वह इलाका पलामू टाइगर रिजर्व से काफी दूरी पर स्थित है. लेकिन हाथियों का झुंड पिछले दो-तीन वर्षों से इसी इलाके में विचरण कर रहा है. झुंड में शामिल सभी हाथी काफी आक्रामक हैं.

**वन विभाग पर उदासीनता का आरोप**

वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के द्वारा हाथियों को भगाने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किया जा रहा है. इसी कारण जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीणों को छुटकारा नहीं मिल पा रहा है. ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की रात उन्होंने पटाखे जलाकर और मशाल जलाकर हाथियों को किसी तरह गांव से भगाया. लेकिन हाथियों ने काफी नुकसान पहुंचाया है.

**नुकसान का आकलन कर दिया जाएगा मुआवजाः रेंजर**

इधर, इस संबंध में वन विभाग के रेंजर नंदकुमार महतो का कहना है कि वन विभाग के द्वारा जंगली हाथियों को भगाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कई बार हाथी भगाने के लिए एक्सपर्ट टीम को भी लगाया गया. टीम के द्वारा हाथियों को भाग भी दिया जाता है, लेकिन हाथी वापस इसी इलाके की ओर आ जा रहे हैं.

उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों को सुरक्षित वन क्षेत्र की ओर भागने के लिए विभाग पूरी तरह प्रयासरत है. रेंजर ने कहा कि जंगली जानवरों से ग्रामीणों को जो नुकसान हुआ है, उसका आकलन कर ग्रामीणों को मुआवजा दिया जाएगा.

## कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान भ्रमित करने वाला : विमला प्रधान



संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेत्री सह पूर्व मंत्री श्रीमती विमला प्रधान ने कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ और हस्ताक्षर अभियान को आम जनता को भ्रमित करने वाला बताया है, पूर्व मंत्री ने कांग्रेस पर जानबूझकर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की निष्पक्ष छवि को धूमिल करने का प्रयास बताया है, उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने आजादी के बाद लगभग 65 वर्षों तक भारत देश पर राज किया सत्ता से बाहर होते ही आज लोकतंत्र पर खतरे की बात कर रही है, जो की पूरी तरह से भ्रामक है चुनाव आयोग निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है तथा ऐसे मतदाताओं पर कार्रवाई कर रही है जो देश के नागरिक नहीं है और जाली दस्तावेजों के आधार पर नागरिकता प्राप्त कर देश में रह रहे है,सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता को बंधक बना दिया था आज वही पार्टी जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है,पर देश की जनता समझदार है और उसे संवैधानिक संस्था पर पूरी तरह भरोसा है।

कुछ दिन पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी ने सिमडेगा विधानसभा पर सवाल उठाते हुए कहा था कि सिमडेगा विधानसभा में 16 हजार अल्पसंख्यक वोटर बढ़ गए हैं,इसकी जांच की आवयश्कता है रक्क्र जरूरी है तब सिमड़ेगा विधायक ने श्री बाबूलाल मरांडी के बयान को झूठा करार देते हुए कहा था कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से चुनाव कराया है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कोई सवाल नहीं है फिर आज किस मुंह से सिमडेगा विधायक और नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चुनाव आयोग पर सवाल खड़े कर रहे हैं,अगर वोट चोरी हुई है तो दोनो सिमडेगा एवं कोलेबिरा दोनों विधायक को इस्तीफा देकर जांच करानी चाहिए की चोरी हुई वोट किसको मिली है।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर केरसई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




संवाददाता

**केरसई :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमडेगा एवं सदर अस्पताल सिमडेगा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य उपकेंद्र केरसई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजू प्रसाद (एमपीडब्ल्यू), शिल्पी एलन बड़ा (उल्ड), दिव्या कुल्लू (अठट), पीएलवी विष्णु प्रसाद एवं उपेंद्र कुमार की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, इसके संरक्षण के उपायों तथा तनाव प्रबंधन के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य का सीधा संबंध हमारे दैनिक जीवन, कार्यक्षमता और पारिवारिक संबंधों से होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मानसिक तनाव या अवसाद की स्थिति में संकोच न करें और समय रहते विशेषज्ञ से परामर्श लें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी जागरूकता बढ़ाई।

## सिंदरी में 3.5 मिलियन टन क्षमता की वाशरी का काम जल्द शुरू होगा

संवाददाता

**धनबाद/सिंदरी :** सिंदरी में हर्ल उर्वरक प्रतिष्ठान के बाद अब सेल की ओर से एफसीआईएल से मिली 61 एकड़ भूमि पर 3.5 मिलियन टन क्षमता की वाशरी स्थापना का निर्णय लिया गया है। वाशरी का काम जल्द शुरू किया जाएगा। यानी सिंदरी की आर्थिक गतिविधियां बढेंगी। टासरा प्रोजेक्ट से उत्पादित कोकिंग कोल को उक्त वाशरी में वाश किया जाएगा। इससे सेल के बोकारो स्थित बीएसएल सहित अन्य स्टील प्लांटों को बेहतर गुणवत्ता के कोकिंग कोल की आपूर्ति हो सकेगी। भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक ने गुरुवार को सेल के महत्वाकांक्षी टासरा परियोजना का भ्रमण कर परियोजना में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर सेल के महाप्रबंधक टासरा, सिबराम बनर्जी ने विस्तारपूर्वक बताया कि इस परियोजना के विस्तार के प्रथम चरण में 295 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। साथ ही एफसीआईएल से प्राप्त 61 एकड़ भूमि पर 3.5 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की कोल वाशरी का निर्माण प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अर्जनाधिन भूमि से विस्थापित होने वाले परिवारों को बलियापुर अंचल के मौजा आसनबनी में पुनर्वासन करने की योजना है, जिसके लिए 41.11 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। टासरा खदान के भ्रमण के पश्चात केंद्रीय इस्पात सचिव ने आसनबनी में निमार्णाधीन पुनर्वासन कॉलोनी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुनर्वासन कॉलोनी के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। केंद्रीय इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने गुरुवार को आसनबनी में निमार्णाधीन पुनर्वास कॉलोनी का निरीक्षण भी किया। सेल के अधिकारियों को पुनर्वास कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। संबंधित विभाग के अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर कार्य को समयसीमा के अंदर पूरा करने की बातें कहीं। मौके पर इस्पात मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार आशीष चटर्जी, सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश, इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव अभिजीत नरेंद्र, सेल के निदेशक (तकनीकी) मनीष राज गुप्ता, कार्यपालक निदेशक सेल एसके सिंह, धनबाद के एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एसडीओ राजेश कुमार, बलियापुर सीओ मुरारी नायक, झरिया के सीओ मनोज कुमार तथा सेल एवं एमडीओ के अधिकारी उपस्थित थे।

## आर्थिक तंगी में बारामुड़ी में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धनबाद :** बारामुड़ी में नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने भवन में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान बलियापुर बाउरीकुल्ही सीमाटांड़ बस्ती निवासी 27 वर्षीय शुभंकर बाउरी उर्फ गुना के रूप में हुई है। घटना गुरुवार शाम की है। बारामुड़ी स्थित आवास योजना भवन के ब्लॉक तीन में स्थित क्वार्टर नंबर 202 में परिजनों ने काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो संदेह हुआ। पुलिस का मामले की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस में दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर एक कमरे में शुभंकर नायलॉन की रस्सी से पंखे के सहारे फांसी लगा लिया था। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। बाद में मौके पर पहुंची शुभंकर की मां मखनी देवी ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से मजदूरी करके घर चला रहा था। हाल ही में उसकी शादी तय हुई थी। आर्थिक तंगी के कारण वह इन दिनों काफी चिंतित था। हमेशा कहता था कि अभी ही घर चलना मुश्किल हो रहा है तो शादी के बाद कैसे होगा। बताया कि मुझे विश्वास है कि मेरा पुत्र शुभंकर ने आर्थिक तंगी से चिंतित होकर फांसी लगा आत्महत्या कर लिया।

## बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर किसानों को लाभ पहुंचाना है : गौतम

संवाददाता

**साहिबगंज :** कृषि और वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड, रांची के निदेर्शानुसार जिला सहकारिता कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, साहेबगंज के तत्वावधान में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन सिध्दो-कान्हू सभागार, साहिबगंज में किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर समाहर्ता श्री गौतम भगत ने की। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीडीएम , एनएबीएआरडी , डीपीएम , सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, विभिन्न एल एएमपीएस /पीएसीएस के अध्यक्ष व सचिव, विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।



कार्यशाला में राज्य सहकारी संघ के प्रतिनिधि श्री कुमार सीरम एवं श्री अभिषेक सिंह द्वारा विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि धान, गेहूं, लाह, इमली, चिरौंजी, आँवला, महुआ, करंज आदि जैसे कृषि एवं वनोपज उत्पादों का संकलन, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण, विपणन एवं विकास कार्य सहकारी ढाँचे के माध्यम से किया जाएगा ताकि किसानों एवं सदस्यों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य कृषि वनोपज व्यापार में बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाना है।कार्यक्रम के दौरान बीज वितरण कार्यक्रम 2025-26 का भी शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन अपर समाहर्ता श्री गौतम भगत द्वारा सकरोगढ़ पोखरिया एमपीसीए के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर 05 किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर बीज वितरण किया गया।कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-सचिव, कृषि व वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, साहिबगंज द्वारा किया गया।